

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 290 | ग्वालियर, गुरुवार 10 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## गुरुग्राम :मुस्लिम व्यापारियों को भागने के लिए मजबूर करती हैं आर्थिक बहिष्कार, धमकियां

**गुरुग्राम।** हरियाणा के नूंह और गुरुग्राम जिलों में सांप्रदायिक हिंसा के एक हफ्ते बाद मुस्लिम व्यापारी दहशत में हैं।दरअसल, एक हिंदू संगठन द्वारा गुरुग्राम के तिगरा गांव में आयोजित एक महापंचायत में इनके आर्थिक बहिष्कार की घोषणा की गई है।एक साल पहले इमरान (नाम बदला हुआ है) ने गुरुग्राम के राजीव नगर इलाके में अपनी मीट की दुकान खोली थी। जब इमरान अपनी दुकान पर थे तब उन्होंने 31 जुलाई को वीएचपी द्वारा आयोजित जुलूस के दौरान नूंह में हुए दंगों के बारे में सुना।इमरान ने कहा कि मुझे लगा कि मामला नूंह में ही सुलझ जाएगा, लेकिन बाद में यह गुरुग्राम के विभिन्न हिस्सों में फैल गया। जैसे ही गुरुग्राम में हिंसा की खबर फैली, राजीव नगर इलाके में मेरे सहित लगभग छह मुस्लिम व्यापारियों ने स्थिति का आकलन करने के लिए दुकानें नहीं खोली।इमरान ने कहा कि वह वीकेंड में अपनी दुकान फिर से खोलने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, रविवार को तिगरा



गांव में एक हिंदू समूह के सदस्यों द्वारा आयोजित महापंचायत के दौरान की गई घोषणा इमरान के लिए एक झटका है।बैठक के दौरान मुस्लिमों द्वारा संचालित व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया है। इमरान ने कहा है कि यह ऐलान एक चौंकाना है क्योंकि मैं उनका अगला निशाना हो सकता हूं। इमरान ने कहा कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ।नवरात्रि के दौरान, मुस्लिम व्यापारियों ने किसी भी घटना से बचने के लिए नौ दिनों के लिए अपनी दुकानें बंद कर दीं और अपने मूल स्थानों पर लौट गए। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू समूह हमें गाली दे सकते हैं, पीट सकते हैं, धमका सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं... जबकि पुलिस और सरकार चुप रहती है।इमरान ने कहा कि दुकान बंद रहने से उन्हें प्रतिदिन 1,400 रुपये का नुकसान हुआ। कुछ वर्ष पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर, अलीगढ़ और सहारनपुर जैसे क्षेत्रों से मुस्लिम व्यापारी यहां आते थे।संजय ग्राम में एक अन्य मीट दुकान के मालिक इकबाल ने कहा कि जैसे ही हिंसा गुरुग्राम तक फैली, हमारी जान खतरे में आ गई। हमारी दुकानें बंद हो गई हैं। हमें मासिक किराया देना है। हम भोजन के लिए अपने जानने वालों से पैसे भी उधार ले रहे हैं। यह आर्थिक बहिष्कार हमारे व्यापार को चौपट कर देगा।गुरुग्राम में मुसलमानों के पास सैकड़ों दुकानें हैं, जिनमें कपड़े की दुकानें, सैलून, कबाड़ की दुकानें और बाइक मरम्मत की दुकानें शामिल हैं। वहीं अब्दुल ने कहा कि हम मुश्किल से अपना गुजारा कर पाते हैं। हम प्रवासी श्रमिक हैं।उधर, एसीपी वरुण दहिया ने कहा है कि शहर में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए गुरुग्राम में पुलिस कर्मियों की उपस्थिति और गश्त बढ़ा दी गई है।

## तूफान की चपेट में अमेरिका, 10 लाख से ज्यादा घरों की बिजली गुल, एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द, 5 करोड़ लोग प्रभावित



अमेरिका में हर साल आने वाले भयंकर तूफानों से भारी तबाही होती है. ऐसे की एक तूफान यहां फिर से आया है. बताया जा रहा है कि इस बार तूफान और बवंडर ने पूर्वी अमेरिका को अपने चपेट में ले लिया है. जिससे लाखों घरों में अंधेरा छा गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तूफान के चलते विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है. न्यूयॉर्क से लेकर अलबामा तक करीब 10 लाख घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की बत्ती गुल हो गई है. विनाशकारी तूफान के चलते हजारों उड़ानों को रद्द कर दिया गया है. जिसके चलते हजारों यात्री एयपोर्ट्स पर फंसे हुए हैं. बताया जा रहा है कि इस तूफान के चलते पांच करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं.अग्निशमन विभाग के प्रमुख के मुताबिक, मंगलवार सुबह तक उत्तरी कैरोलिना में एक लाख लोग बिजली न आने की वजह से परेशान रहे. जबकि पेंसिल्वेनिया में 95 हजार से ज्यादा लोग विद्युत आपूर्ति बाधित होने की वजह से परेशान है. वहीं मैरीलैंड में ये संख्या 64 हजार से अधिक बताई गई है. जानकारी के मुताबि, इन इलाकों में अब भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं. बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह एक हजार से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई है. फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (स्न्र) ने सोमवार को न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया, अटलांटा और वाशिंगटन डीसी में हवाईअड्डों के लिए ग्राउंड स्टॉप जारी किए.बताया जा रहा है कि दक्षिण कैरोलिना के एंडरसन में तूफान के चलते 15 वर्षीय इवाना क्रिस्टोफर किनले की मौत हो गई. बताया जा रहा है ये हादसा उस वक्त हुआ

## राहुल गांधी 12 अगस्त को करेंगे वायनाड का दौरा

**नई दिल्ली।**कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे।कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, ÷12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे। वायनाड के लोग इस बात से खुश हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई है, उनकी आवाज संसद में लौट आई है। राहुल जी सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य हैं।उनकी टिप्पणी लोकसभा सचिवालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की सदस्यता बहाल किए जाने के एक दिन बाद आई है, सुप्रीम



कोर्ट द्वारा मोदी उपनाम टिप्पणी मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने के तीन दिन बाद।सांसद के रूप में अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्होंने पहली बार 11 अप्रैल को अपनी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया था।कांग्रेस नेता ने तब एक रोड शो में भाग लिया था, जिसमें उनके निर्वाचन क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए थे।सोमवार को जब राहुल गांधी अपनी संसदीय सदस्यता बहाल होने के बाद संसद में दाखिल हुए तो कई विपक्षी सांसदों ने उनका भव्य स्वागत किया।गांधी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रार्थना की और संसद भवन में प्रवेश किया, जहां उन्होंने द्रमुक के कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्यसभा में पेश किया बिल

**नई दिल्ली.**।लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई है. इस दौरान राहुल गांधी की जगह गौरव गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की . इस बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया. भाजपा सांसद पूछने लगे कि जब राहुल गांधी से चर्चा आरंभ होनी थी तो अचानक बदलाव किस लिए किए गए. गौरव गोगोई बोले, ÷हम अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर हैं. यह कभी भी संख्या के बारे में नहीं था बल्कि मणिपुर के लिए न्याय के बारे में था. मैं प्रस्ताव पेश करता हूं कि यह सदन सरकार में अविश्वास व्यक्त करता है. मणिपुर के लिए यह प्रस्ताव लाया है. मणिपुर न्याय चाहता है.कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई कहते हैं,÷पीएम ने संसद में न बोलने का मौन व्रत ले रखा है. इसलिए, हमें उनकी चुप्पी तोड़ने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा. हमारे पास उनसे तीन सवाल हैं. वह क्यों नहीं गए÷ मणिपुर से आज तकआखिरकार मणिपुर पर बोलने में लगभग 80 दिन क्यों लग गए और जब उन्होंने बोला तो सिर्फ 30 सेकंड के लिए पीएम ने अब तक मणिपुर के सीएम को बर्खास्त क्यों नहीं किया



## बलात्कार मामले में आरोपी की हाईकोर्ट ने जमानत अर्जी की खारिज



**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका यह कहकर खारिज कर दी कि कोई भी सेमी-अनकॉन्शस महिला सेक्स के लिए सहमति नहीं दे सकती है।एससी/एसटी अधिनियम अपराधों से निपटने वाली एक विशेष अदालत ने पहले आरोपी की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उसे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा था।उच्च न्यायालय इस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप है कि अनुसूचित जाति समुदाय की एक महिला के केक और पानी की बोतल में कुछ हानिकारक (नशीला) पदार्थ मिलाकर आरोपी ने सेमी-अनकॉन्शस हालत में महिला से बलात्कार किया।न्यायालय ने कहा, ÷आरोपी ने महिला को केक और पानी की बोतल देने के बाद उसके साथ बलात्कार किया था, जब वह अर्द्धबेहोशी की हालत में थी। इसमें यह नहीं कहा जा सकता कि इसमें आपसी सहमति थी।कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में आरोपी के खिलाफ आरोप सही साबित होते हैं। इसलिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत यह जमानत याचिका खारिज होती है।अपीलकर्ता ने उच्च न्यायालय के समक्ष दावा किया कि वह और शिकायतकर्ता एक रिश्ते में थे

## सांप के डसने से सो रहे दो भाइयों की मौत, लगातार बारिश से बढ़ा सर्पदंश का खतरा



बिहार के कैमूर से एक दर्दनाक घटना सामने आ रही है, जहां कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र के बिछियां गांव में मंगलवार की रात घर में एक ही खाट पर सो रहे दो सगे भाइयों की सांप के काटने से मौत हो गई. दोनों मृतक भाइयों की पहचान बिछियां गांव निवासी गुड्डु बिंद, नौ वर्षीय पुत्र अमित कुमार और छह वर्षीय नीतीश कुमार के रूप में की गयी है. मिली जानकारी के मुताबिक, रात में दोनों सगे भाई एक ही खाट पर सो रहे थे,

## सीबीआई को अब बंगाल के मत्स्य पालन विभाग में भर्ती घोटाले के सुराग मिले

**कोलकाता।**केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को पश्चिम बंगाल में स्कूली नौकरियों के लिए करोड़ों रुपये नकद मामले की जांच के दौरान मत्स्य पालन विभाग में इसी तरह की भर्ती अनियमितताओं के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।सुरागों का स्रोत गोपाल चंद्र दास नाम का एक व्यक्ति है, जिससे हाल ही में केंद्रीय एजेंसी ने स्कूल नौकरियों के मामले में उम्मीदवारों से धन इकट्ठा करने के लिए एक एजेंट के रूप में काम करने के लिए पूछताछ की थी।सूत्रों ने कहा कि दास ने कथित तौर पर सीबीआई को बताया कि जिन उम्मीदवारों से उसने धन एकत्र किया, उनमें से कुछ को राज्य संचालित स्कूलों के बजाय राज्य मत्स्य पालन विभाग में भर्ती किया गया था।हालांकि, जैसा कि दास ने बताया, इन उम्मीदवारों को मत्स्य पालन विभाग में 10 महीने के संविदा




रोजगार के लिए भर्ती किया गया था, जिसके अंत में उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया था।इन उम्मीदवारों ने स्कूल की नौकरियों के लिए पैसे का भुगतान किया, लेकिन उन्हें तब तक मत्स्य पालन विभाग में संविदा पद लेने के लिए कहा गया जब तक कि राज्य द्वारा संचालित स्कूलों में नई रिक्तियां नहीं निकाली गईं।उनमें से कुछ ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया, क्योंकि उन्हें मत्स्य विभाग के साथ अनुबंध अवधि समाप्त होने से पहले स्कूल में नौकरी का आश्वासन दिया गया था।अब मत्स्य विभाग के कुछ अधिकारी जो कथित तौर पर इन भर्ती अनियमितताओं में शामिल थे, सीबीआई के निशाने पर हैं।याद दिला दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट प्रमोटर और स्कूल नौकरियों के मामले में आरोपी आर्यन सिल के आवास पर छापेमारी करते हुए

## फ्लाइंग किस पर राहुल गांधी घिरे, 22 बीजेपी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर से की शिकायत

**नई दिल्ली।**संसद सदस्यता बहाल होने के बाद लोकसभा में आज 137 दिन बाद पहली बार राहुल गांधी बोलने पहुंचे. आज अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के वक्त संसद में उन्होंने फ्लाइंग किस दे दिया. राहुल गांधी के इस रिएक्शन का विरोध जताते हुए 22 भाजपा महिला सांसदों की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत दर्ज कराई गई है. वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इसे अभद्रता की संज्ञा दी. गौरतलब है कि राहुल गांधी ने बुधवार को सांसद के तौर पर बहाल होने के बाद पहली बार संसद में अपना भाषण दिया. राहुल गांधी जब अपना भाषण खत्म करने बाद



बाहर निकल रहे थे तो एक ऐसा वाक्या हुआ, जिस पर महिला सांसदों ने आपत्ति व्यक्त की. उस वक्त केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ भाषण दे रही थीं. इस बीच राहुल गांधी की प्रतिक्रिया कैमरे में कैद हो गई. मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इस पल के गवाह रहे लोगों के अनुसार, जब राहुल गांधी अपने अविश्वास प्रस्ताव भाषण के बाद लोकसभा सदन से बाहर जा रहे थे तो उनकी कुछ फाइलें वहीं पर गिर गईं. इसे वह जैसे ही उठाने के लिए झुके तो कुछ भाजपा सांसद उन पर हंसने लगे. इस बात पर राहुल गांधी ने भाजपा सांसदों की ओर फ्लाइंग किस दिया और वे हंसते हुए बाहर आ गए. राहुल गांधी के इस रिएक्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन पर? निशाना साधा. उन्होंने कहा ?कि एक महिला विरोधी शख्स ही संसद में महिला सांसदों को फ्लाइंग किस दे सकता है. ऐसा वाक्या पहले कभी नहीं देखा गया है. इससे पता चलता है कि वह महिलाओं को लेकर क्या सोचते हैं. यह अभद्र व्यवहार है. अविश्वास प्रस्ताव पर दिए भाषण पर राहुल गांधी ने सरकार तीखे हमले किए. इस पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पलटवार किया.

## नित्यानंद राय ने आतंकी हमलों पर दिया जवाब, जानें जम्मू-कश्मीर समेत देशभर में हुईं कितनी घटनाएं



**नई दिल्ली।**केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में पिछले 5 सालों में देश में हुए आतंकी हमलों पर बड़ी जानकारी दी है. उन्होंने संसद में लिखित जवाब देते हुए कहा कि देश के भीतरी इलाकों में बीते 5 सालों में 5 आतंकवादी घटनाएं हुईं, जिसमें 3 आम नागरिकों की मौत हुई है. इन आतंकी घटनाओं में कोई भी सशस्त्र बल का सिपाही हताहत नहीं हुआ है, जबकि एक आतंकवादी भी मारा गया है. राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पिछले 5 वर्षों के दौरान एक भी आतंकवादी हमला नहीं हुआ, इसलिए आतंकी हमलों में हताहतों का सवाल ही नहीं उठता है. पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर में पिछले 5 साल यानी 2018 से लेकर 2022 के बीच 761 आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, जिसमें कुल 174 लोगों की मौत हुई है. वहीं, पुलिस और आतंकवादियों के बीच 626 मुठभेड़ हुए हैं, जिसमें 35 लोगों की जान चली गई है, जबकि सुरक्षा कर्मियों के मरने वाली संख्या 308 है और 1002 आतंकवादी ढेर कर दिए गए हैं.

# अधिकारी अपना कार्य ईमानदारी के साथ समय सीमा में करें: एसडीएम समाधिया

## एसडीएम ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**पिछोर।** अनुविभागीय दंडाधिकारी राजीव



समाधिया द्वारा 9 अगस्त बुधवार को पिछोर विकासखंड के सभी विभाग प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम कार्यालय में ली गई।बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर सीएमओ आनंद शर्मा, जेलर साहब महेश शर्मा, सीईओ जनपद मोगराज मीना, एमपीईबी प्रबंधक घनश्याम प्रसाद दक्ष ,बीएमओ अमरसिंह जनोरिया, सीडीपीओ अरविंद तिवारी पशु चिकित्सा अधिकारीडॉ. हेमंत ओझा, बीआरसीसी सुदर्शन गुप्ता , प्रभारी बीईओ वीरेंद्र नीखरा, डिप्टी रेंजर रविशंकर पटेरिया ,पंचायत इंस्पेक्टर आर. के.टेंगर,सबइंजीनियर पीएचईआशीष परिहार , राजेंद्र धाकड़, आनंद लिटोरिया संबाद मित्र जनसंपर्क विभाग सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कहा कि 15 अगस्त पर कार्यक्रम शासन के दिशा निर्देशो के अनुसार ही पूर्व की भांति मनाया जाना है।उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि आप लोग अपना कार्य ईमानदारी से करें जो भी कार्य करें बह समय सीमा में करें, यदि आपको कार्य करने में या किसी अन्य वजह से कार्य करने में समस्या उत्पन्न होती है तो आप हमे बताएं।हम सभी को अपने विभागीय कार्यों के साथ साथ निर्वाचन कार्य को भी गंभीरता से लेकर करना है ।हम किसी भी प्रकार के कार्य में लापरबाही नहीं चाहते हैं ,यदि कोई कर्मचारी कार्य नहीं करता है बार-बार कहने के बाद भी नही समझता है तो ऐसे कर्मचारियों के मेरे लिए नाम भेजों में अच्छी तरह से जानता हूं की उनसे काम कैसे करना है। उन्होंनेबीआरसीसी, एमपीईबी,



पंचायत विभाग, को निर्देश देते हुऐ बताया की आप लोग सभी मतदान केंद्रों की एक बार अच्छी तरह मॉनिटरिंग करले ताकि कोई भी कमी हो तो उसका समाधान हो सके और कमियों का भी आसानी से पता लग सके।10 अगस्त के बाद में स्वयं मतदान केदो का निरीक्षण करूंगा। इसके साथ ही 15 अगस्त के बाद अगले मंगलवार की होने बाली जनसुनबाई में सभी विभाग प्रमुख मेरे पास जनसुनवाई में उपस्थित होंगे ।साथ ही पंचायत में कार्य करने वाले पटवारी तथा सचिब प्रत्येक मंगलवार को अपने-अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहकर के गूगल मीट के माध्यम से संपर्क में जुड़े रहेंगे जिससे लोगों की होने बाली समस्याओं का समाधान आसानी से किया जा सके।

# दिनारा पुलिस ने पकड़ा 2 साल का स्थाई वारंटी

**हरिओम चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदोरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग करेर द्वारा चलाए जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी धरपकड़ हेतु अभियान के पालन में दौराने इलाका गस्त मुखबिर द्वारा सूचना पर से थाना दिनारा जिला शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 440। 16 धारा 34,2, आबकारी एक्ट एवं प्रकरण क्रमांक। 770। 16 16 का स्थाई वारंटी पिछोर जिला शिवपुरी में घूम रहा है उक्त मुखबिर की सूचना मिलने पर दिनारा पुलिस रवाना होकर पिछोर पहुंचे मुखबिर के बताए गए स्थान पर स्थाई वारंटी की तलाश की एवं मुखबिर की सूचना पर से पिछोर से स्थाई वारंटी राजा परिहार पुत्र श्री प्रकाश परिहार उम्र 27 साल निवासी आजाद मोहल्ला भौती थाना मोती जिला शिवपुरी के 2 स्थाई वारंटी में फरार होने से विधिवत गिरफ्तार किया गया स्थाई वारंटी के अन्य थानों में वारंटो के संबंध में जिले के समस्त थानों को सूचना दी गई स्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय करेरा में पेश किया जा रहा है। उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर आ जाने में। थाना प्रभारी संतोष भार्गव विनोद गौतम विवेक भट्ट हिमांशु चतुर्वेदी रवि कुमार मांझी जितेंद्र रावत धर्मेंद्र लोधी अमित यादव रामवीर आर पीकेस आर रामपाल जाट पुष्पेंद्र चौहान मनोज यादव की सलाहनीय भूमिका रही।




## थाना पिछोर पुलिस को तलाश अपहर्ता की लगातार जारी

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर। पूजा लोधी निवासी ग्राम नांद एवं संदेही आरोपी- नीरज लोधी निवासी ग्राम कछौआ। थाना पिछोर में फरियादी फूल सिंह लोधी निवासी ग्राम नांद ने दिनांक 6/8/23 को रिपोर्ट की कि उसकी पुत्री पूजा लोधी उम्र 17 वर्ष दिनांक 6-7/8/23 की रात घर से बिना बताए कहीं चली गई है और उसे संदेह है कि पूजा लोधी को नीरज लोधी निवासी ग्राम कछौआ का बहला फुसला कर भाग ले गया है ।थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 433/23 धारा 363 आईपीसी का पंजीबद्ध किया है । कृपया पूजा लोधी व संदेही नीरज लोधी के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर थाना पिछोर को सूचना दें। एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान थाना पिछोर मोबाइल नंबर 94253 35885




# मैं हूँ अभिमन्यु अभियान के चलते शिवपुरी पुलिस द्वारा जोड़ा जा रहा लोगों को

## अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं महिलाओं पर होने वाले अपराधों व समाजिक दुर्व्यवहार के प्रति अपनी आवाज उठाने के लिये लोगों को किया जा रहा है जागरुक




अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा



प्रदेश भर मे महिलाओं के प्रति होने बाले अपराधों मे कमी लाने एवं आसपास मे महिलाओं पर होने बाले दुर्व्यव्हार के प्रति आवाज उठाने एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिये अभियान अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों मे कमी लाने व रोकने के लिए स्कूल कॉलेजों, बस्तियों व लोगों के जन समुहों को समझाइस दी जा रही है । सामाज में लैंगिक समानता, महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने और महिला अपराधों के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के नेतृत्व मे शिवपुरी पुलिस द्वारा मैं हूँ अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के चलते पुलिस थाना नरवर द्वारा शासकीय हाई स्कूल नरवर मे जाकर स्कूली बच्चों को महिलाओं के प्रति जागरुक करते हुये महिला संबंधी अपराधों मे विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा की, इसी क्रम मे पुलिस थाना तेंदुआ द्वारा ग्राम खरई के विद्यालय एवं गांव के लोगों को अभियान से जोड़कर महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरुक कर सपथ दिलाई ।

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने एवं शराब पीकर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही

## पुलिस थाना पिछोर द्वारा दो प्रकरण माननीय न्यायालय पेश किये थे जिनमे माननीय न्यायालय पिछोर द्वारा उक्त चालकों पर 10 हजार, 18 हजार एवं वाहन मालिक पर 5 हजार रु. का किया जुर्माना

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी ने शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाने वाले दो मोटरसाइकिल चालकों पर किया भारी जुर्माना । राकेश लोधी निवासी खुरई पर किया 10,000 रुपये का जुर्माना एवं मोटरसाइकिल चालक अमर सिंह लोधी निवासी ग्राम ढला पर ?18000 का जुर्माना व मोटरसाइकिल मालिक ज्योति लोधी पर किया ?5000 का जुर्माना । दिनांक 2/8/23को पुलिस थाना पिछोर की मोबाइल गस्त पार्टी के इंचार्ज एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने नागदेश्वर छावनी तिराहा पर मोटरसाइकिल हीरो सीडी डीलक्स क्93क्1164 के चालक राकेश लोधी पुत्र राजाराम लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम खुरई को मोटरसाइकिल को खतरनाक ढंग से शराब पीकर चलाते पाया जाने पर उसका चालान बनाया । राकेश लोधी के पास मोटरसाइकिल का बीमा व मोटरसाइकिल चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था । मोटरसाइकिल चालक राकेश लोधी के विरुद्ध धारा184, 185 ,3/181,146/196 एमव्ही एक्ट के चालान की कार्यवाही की । राकेश




लोधी पर खतरनाक ढंग से मोटरसाइकिल चलाने, मोटरसाइकिल चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने व मोटरसाइकिल का बीमा नहीं होने पर 184,3/181,146/ 196 एम व्ही एक्ट में थाना पिछोर में ष्ट्स्न ?3000 जमा कराई । माननीय न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी श्रीमान जेएमएफसी महोदय श्री अमनदीप सिंह छावड़ा ने राकेश लोधी पर शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाने पर धारा 185 एमव्ही एक्ट में 10,000 रुपये का जुर्माना किया । दिनांक 2 /8/ 23 को ही रेस्ट हाउस तिराहा पर मोटरसाइकिल चालक अमर सिंह लोधी द्वारा शराब पीकर खतरनाक ढंग से मोटरसाइकिल नंबर हीरो एचएफ डीलक्स नंबर स्क्क33 रूक्त 5947 चलाने पर धारा 184, 185 एमव्ही एक्ट का चालान किया व राकेश लोधी के पास मोटरसाइकिल चलाने कार ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने पर व मोटरसाइकिल का बीमा नहीं होने पर 3/181 146/196 एमव्ही एक्ट का चालान किया व मोटरसाइकिल मालिक ज्योति लोधी निवासी ढला पर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चालक को मोटरसाइकिल देने पर धारा 5/180 एमवी एक्ट का चालान किया। न्यायालय पिछोर माननीय न्यायालय पिछोर श्री अमनदीप सिंह छाबड़ा जेएमएफसी पिछोर ने अमर सिंह लोधी पर 18,000 रुपए का जुर्माना व मोटरसाइकिल मालिक ज्योति लोधी पर ?5000 का जुर्माना किया। पुलिस थाना पिछोर टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक हीरा सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह यादव, आरक्षक राघवेंद्र पाल, प्रदीप कौरव, गोरे सिंह जादौन शामिल रहे ।

# जिले को मलेरिया मुक्त बनाने स्कूली बच्चों ने लिया संकल्प

## मलेरिया जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए स्कूली छात्र छात्राओं ने गतदिवस मलेरिया जागरूकता अभियान के तहत हैप्पी डेज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संकल्प दिलाया गया। एम्बेड परियोजना, फैमली हेल्थ इण्डिया एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मलेरिया जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रशिक्षण अभियान आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं एंबेड टीम द्वारा जिले में डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य किया जा रहा है। मलेरिया पर जागरूकता के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ.पवन जैन एवं जिला



मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय ऋषेश्वर द्वारा मलेरिया डेंगू की रोकथाम व बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रभावी तरीके से पोस्टर्स बैनर, फिल्म एवं प्रदर्शन आदि के माध्यम से लगभग 850 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को प्रदान की गई। इस अवसर पर फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना प्रोग्राम एसोसिएट विवेक एवं जिला समन्वय दीपक जौहरी द्वारा मलेरिया जागरूकता अभियान के चलते यूथ क्लब गठन के बारे में बताया गया एवं युवा जु?ाव का एक महत्वपूर्ण घटक युवाओं के लिए खुद को अभिव्यक्त करने, अपने विचारों को व्यक्त करने और परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए इनपुट प्रदान करने के अवसर पैदा करना है। युवाओं के लिए वास्तव में सुना जाना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में टीम द्वारा विद्यालय में लार्वा सर्वे व विनिस्टीकरण का कार्य भी किया गया। इस दौरान हैप्पी डेज पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल विनय कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंत में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा संकल्प लिया गया।

# पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह आज शिवपुरी दौरे पर शहर में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

## कांग्रेस नेताओं पूर्व मंत्री के स्वागत में सजाया शहर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- कांग्रेस के पूर्व मंत्री राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह आज शिवपुरी दौरे पर आए जहां उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने और हाल ही में कांग्रेस ज्वाइन करने वाले नेताओं ने शहर में उनका जोरदार स्वागत कर जगह-जगह फलों से उनको तुलवाया गया स्वागत में



कांग्रेस नेताओं ने एक से एक बढ़कर स्वागत रखें जिन में राकेश गुप्ता, अमित शिवहरे,नरेंद्र जैन भोला और मोहित अग्रवाल द्वारा शहर में जोरदार स्वागत पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का किया शिवपुरी से निकलते हुए पोहरी, बैराड़ पहुंचे जहां पर उनका जोरदार स्वागत कैलाश कुशवाहा द्वारा किया गया। राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि कमलनाथ के बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार करते हुए कहा था कि फ्रकांग्रेस के मध्य प्रदेश के दिग्गज नेता साफ़ साफ वही कह रहे हैं जो मोहन भागवत कहते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र है। भारत सिर्फ एक समुदाय का देश नहीं है। भारत कभी हिंदू राष्ट्र न था, न है और न कभी होगा फ्रमोहब्बत की दुकानफ्र में नफरत की तस्करी हो रही है। दूसरों पर बी टीम का ठप्पा लगाने का अधिकार इन्हें कहां से मिला कल के दिन अगर भाजपा हार भी जाए तो इस नफरत में क्या कोई कमी आएगी। उन्होंने अपनी भाषा में बताया कि आदिवासी दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने किया विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश निरस्त किया। जयवर्धन सिंह ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश घोषित किया था लेकिन भाजपा ने सरकार में आते ही विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश को निरस्त कर दिया। पूरा विश्व आदिवासी दिवस को मानता है उनके इतिहास सहित परम्पराओं को मानता है। उन्हीं आदिवासियों को भाजपा वनवासी कहती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कांग्रेस की सरकार में आदिवासी दिवश का अवकाश दिया जाएगा। शिवराज अब सीएम चेहरा नहीं, केंद्र से हो रहा संचालन, कांग्रेस एकजुट- राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कांग्रेस का सीएम का चेहरा कमलनाथ के रूप में साफ़ है लेकिन सीएम शिवराज पर चुटकी लेते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में शिवराज का सीएम के रूप में चेहरा सामने नहीं लाया जा रहा है। हर दूसरे दिन अमित शाह को मध्यप्रदेश आना पढ़ रहा है। इससे साफ स्पस्ट है कि भाजपा की कमान केंद्र से संचालित हो रही है।

**अगर सिंधिया तोप होते तो नरेंद्र सिंह तोमर को प्रभार नहीं मिलता**-राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया अगर तोप हैं तो नरेंद्र सिंह तोमर को क्यों चुनाव का प्रभार एमपी में दिया गया। अब सिंधिया जी का भविष्य भाजपा के हाथ में हैं।

**जो विधायक छोड़कर गए थे वह स्वीकार नहीं**-जयवर्धन सिंह ने कहा कि जो विधायक जनता के मत को बेचकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए है। उन्हें कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। इसके अतिरिक्त अन्य नेताओं का कांग्रेस में स्वागत है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

## वृक्षारोपण और वीर शहीदों को किया नमन, कलेक्टर ने किया भ्रमण

शिवपुरी- अभी 9 अगस्त से मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। प्रदेशव्यापी इस अभियान में कई गतिविधियां शामिल की गई हैं, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण कर वसुधा वंदन और शीला फलक की स्थापना और वीर शहीदों को नमन किया जा रहा है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी और जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी पिछोर की ग्राम पंचायत सेमरी और भौंती में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। शिलाफलक का अनावरण किया। मिट्टी हाथ में लेकर वीर शहीदों को नमन किया और ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया। पिछोर में ग्राम पंचायत सेमरी में महिलाओं और स्कूली छात्र-छात्राओं ने तिरंगा झंडा हाथ में लेकर रैली भी निकली और भारत माता की जय नारे के साथ रैली निकाली कार्यक्रम स्थल पर मानव श्रृंखला बनाई। कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया उसके बाद सभी ने पांच प्रण की शपथ ली। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन कार्यक्रम में शामिल हुए।





# सीएम आगमन की तैयारियों का आईजी ने किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आगामी 11 तारीख को माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिला भिण्ड के लहार में प्रस्तावित जनदर्शन एवं लाड़ी बहना सम्मेलन के आयोजन को मद्देनजर रखते हुए चल रही तैयारी का निरीक्षण आज चंबल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुशांत सक्सेना द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने हैलीपेड, जनदर्शन के लिए निर्धारित मार्ग तथा सभा स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,एसडीएम नवनीत शर्मा व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# शहर व गॉव की शांन्ति भंग करने बालो को बक्सा नहीं जायेगा:अरबिन्द ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

**केशब पंडित जी अम्बाह**



**मुरैना।** शहर हो या गांव शांति भंग करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए पुलिस विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता रहेगा उक्त बातें शहर के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरबिन्द ठाकुर ने पत्रकार बार्ता में कहीं । अरबिन्द ठाकुर ने 1 सप्ताह पूर्व ही कार्यभार संभाला है राज्यसेवा के दबंग अधिकारी ठाकुर इंदौर के साथ अनेक शहरों में अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र मैं शांति कायम रहे यही उनका प्रमुख उद्देश्य हमेशा रहा है उन्होंने कहा कि शहर और जिले के देहात क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे वहीं आसामाजिक तत्वों पर कार्रवाई जारी रहेगी यह निर्देश संबंधित थाना प्रभारियों को दे दिए गए हैं आने वाले दिनों में जिले के कुछ थाना प्रभारियों के पद पर नई पदस्थापना उच्च अधिकारियों के निर्देशन में हो जाएगी गौरतलब है कि मुरैना मैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पद महत्वपूर्ण होता है इसमें शहर के साथ चार डिबीजन अम्बाह और जौरा बामौर कैलारस तहसील के थाने भी अधीन रहते हैं और इस पद पर पूर्व में रहे अधिकारी द्वावारा पुलिस अधीक्षकों के पद पर पदस्थ रहै हैं जिनमें नबनीत भसीन अनुराग सुजानिया आशुतोष बागरी आदि शामिल है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निर्धन गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



टांडाबरुड़ के निकट डोंगरचिचली में मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम खरगोन के तत्वाधान में परम पूज्य श्री माता अमृताजी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मिशन एजुकेशन के माध्यम से विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर गरीब जरूरत मंद बच्चों को नि~शुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेसफल्या (डोंगरचिचली) मे वितरण कीया गया, साथ मे परम् पूज्य संत महात्मा धारा बाईजी द्वारा बच्चो को मार्गदर्शन भी दिया गया उन्होंने कहा कि हमारी संस्था का ये उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा अशिक्षित ना हो सभी साक्षर हो। उनके साथ महात्मा ज्ञाननिधि बाईजी भी थे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक कमल कुमार गांगले,मानव सेवा दल से अन्नपूर्णा भालसे, राधा गांगले, भीम चौहान, मनमोहन, डॉक्टर प्रकाश मकवाने, शिक्षक शीतल गुप्ता, संजू बामनिया, नीरज मेहता, मंगल चौहान, आदि ग्राम के वासी एवं यूथ विंग,शाखा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों का बंधन अभियान का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**



आज नगर परिषद मौ में आज़ादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह के रूप में मेरी माटी मेरा देश÷ द्वारा मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीर शहीद लाल बहादुर यादव के परिवार को सम्मान किया गया, एवं भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता सेनानी के परिवार को नगर के अध्यक्ष (वंदना- सज्जन सिंह यादव) उपाध्यक्ष- (नीरू पंकज कुशवाह) व पार्षदों द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें उपस्थित नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव, निकाय के समस्त कर्मचारियो ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# श्री सीरवी समाज ट्रिप्लीकेन वडेर में श्री आईजी फिल्म का प्रदर्शन

**पुष्पाजंली टुडे**



**चेन्नई।** सीरवी समाज ट्रिप्लीकेन वडेर प्रांगण में मंगलवार शाम को श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म प्रदर्शन का शुभारंभ माताजी के समक्ष दीप प्रज्वलित व आरती के पश्चात हुआ। समाज की ओर से फिल्म निर्माता भंवरलाल चोयल, निर्देशक हेमंत चोयल का माला शॉल द्वारा स्वागत किया गया। वडेर के अध्यक्ष खेताराम गहलोत ने बताया कि फिल्म देखने के लिए करीब एक हजार से अधिक समाज के लोगों ने लाभ लिया ।सचिव अमरचंद परिहारिया ने फिल्म देखने आए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कानाराम सिंदड़ा, सहसचिव नारायण लाल चोयल, सहलाकार बिंजाराम परिहारिया एवं कार्यकारिणी सदस्य महिला मंडल एंव बालक बालिकाएं मौजूद रही। इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष खेताराम गहलोत ने फिल्म का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हर माता पिता अपने व्यवसाय के साथ-साथ परिवार में अपने बच्चों के लिए भी समय देना चाहिए। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से आह्वान किया की इस फिल्म को देखकर कुछ प्रेरणा लेनी चाहिए।

# संकल्प से ही शिक्षा होती है फलीभूतः डॉ. उमाशंकर पचौरी

## भागवत कथा में हुआ शिव विवाह

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** विद्या अध्ययन के दौरान विद्यार्थी के सम्मुख अनेक विकल्प प्रलोभन लिए खड़े होते हैं। नित नए आकर्षण होते हैं। मानव - मन का स्वभाव है कि वह हमेशा गलत विचार के साथ गलत कृत्य कराने के लिए विवश करता है, पक्ष में तर्क देता है। मन के अधीन रहने वाला युवा विवेक का प्रयोग नहीं करता और परिणाम विद्यार्थी शिक्षा से भटक जाता है। उससे न केवल उस विद्यार्थी का पतन होता है, समाज और देश की बड़ी क्षति होती है। इसलिए विद्यार्थी को अपनी शिक्षा के लिए सदैव संकल्पित रहना ही चाहिए, जिनके संकल्प मजबूत होते हैं वही जीवन में सफल होते हैं। एक श्रेष्ठ विद्यार्थी का सफल होना राष्ट्र की प्रगति का आधार है।



यह उद्बोधन पीजी कॉलेज अम्बाह सभागार में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति मध्य प्रदेश के सदस्य डॉ.उमाशंकर पचौरी विद्यार्थियों को दे रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर ने डॉ पचौरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कमल भारद्वाज ने बताया कि उद्घाटन सत्र के बाद विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राध्यापक मेंटर के साथ खेल कूद गतिविधि करवाई गई। इस अवसर आप आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. व्ही के जैन, चीफ प्रॉक्टर मनोज कुमार शर्मा सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# रानी बागरी एवं प्रिंयंका रानी बागरी ने पवैया में आयोजित किया निःशुल्क नेत्र शिविर

**पुसपंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पवैया में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर रानी बागरी एवं प्रियंका रानी बागरी के द्वारा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय की पांच सदस्य डॉ की टीम ने मरीजों की जांच की। नेत्र शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और हनुमान चालीसा के साथ किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इनके द्वारा इसके पहले भी नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा चुका है जिसमें अभी तक लगभग हजार से ज्यादा मरीज इससे लाभान्वित हो चुके हैं।




इस नेत्र शिविर के अंतर्गत बराहना के आसपास के गांव गुलुवा, पवैया, लोखरिया, रायपुर, डेंहुटा, घडेरुआ, सेमरी, बरा कला, भुमकहर, नकटी, कुंडिया,इत्यादि गांव को और आसपास के गांव के तकरीबन 300 सौ नेत्र के मरीजों ने अपनी जांच कराई एवं शिविर में 38 मरीज ऑपरेशन के लिए भर्ती किए गए और मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट लेकर जाया गया एवं बाकी मरीजो को दवाई और चश्मा वितरण किया गया द्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवैया सरपंच, बबलू सिंह कोठी व्यापारी संघ अध्यक्ष, आशीष सिंह पिंटू, कमल सिंह जी, फूल सिंह जी,राकेश कुशवाहा जी, पवन पांडे जी, रावेन्द्र कोरी, कृष्णा पाठक, उमाशंकर कुशवाहा, एवं समस्त ग्राम वासियों की मदद से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रानी बागरी एवं प्रियंका रानी बागरी ने इस आयोजन में सभी के सहयोग एवं उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान में गांव-गांव में हुआ वसुधा वन्दन

## अमर शहीदों की याद में शिलाफलकम का हुआ लोकार्पण सोहावल की ग्राम पंचायत खनगड़ में शामिल हुए कलेक्टर

**पुष्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर सतना जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अभियान के प्रमुख 5 घटकों की गतिविधियां सम्पादित की गई और जल संरचनाओं के निकट 75-75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका तैयार की गई। गांव के अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, सुरक्षा बलों के शहीद जवानों की याद में शिलाफलकम के लोकापर्ण भी हुए। जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत खनगड़ में कलेक्टर अनुराग वर्मा और सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े भी मेरी माटी मेरा देश अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर, सीईओ एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों सहित खनगड़ में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों के साथ पंच प्रण की शपथ ली। कार्यक्रम में स्थानीय रीति-रिवाज के अनुसार देश की सेवा में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले अमर शहीदों एवं सुरक्षाबलों की शहादत और वीरता को नमन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर ग्राम खनगड़ के अमृत सरोवर बांधा देवी में कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े, जनपद अध्यक्ष राजेश रावत सहित ग्रामवासियों ने अमृत वाटिका स्थल पर 75 पौधों का रोपण किया। इस मौके पर महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली और अपने गांव के चारों कोनो की मिट्टी कलश में संग्रहित कर सीईओ जनपद पंचायत प्रीतपाल बागरी को सौंपी।




इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे देश की प्रगति और समृद्धि की यात्रा का उत्सव है। यह अवसर हमारे देश की आजादी और उसकी सुरक्षा के लिए कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों का स्मरण कर कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी है। कलेक्टर श्री वर्मा ने उपस्थित ग्राम वासियों से आगामी 13 से 15 अगस्त तक चलाये जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान में बड़-चड़कर कर हिस्सेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर ग्रामवासी अपने-अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराये।



# जीवन में राग नहीं अनुराग होः शीतल संत राजाराम

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर के तत्वाधान में बुधवार को चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम ने अपने प्रवचन मे कहा की मनुष्य जीवन में मुक्ति के लिए परमात्मा से अनुराग हो और विषयो से उपरामता बहुत जरूरी है । पुरातन काल में बड़े बड़े राजा महाराजा एवम धनपति लोगो ने परमात्मा की प्राप्ति के लिए सांसारिक सुखों को छोड़कर वैराग्य का मार्ग अपनाकर जीवन के चरम लक्ष्य की प्राप्ति की मनुष्य को शाश्वत शांति के लिए जीवन में वैराग्य का होना जरूरी है । इस कार्यक्रम में संस्था के सह -सचिव केनाराम मुलेवा ,नवयुवक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़ एवं किशोर राठौड़ समेत समाज की अनेक महिलाएं पुरूष मौजूद रहे।

# शिव है सृष्टि के मूल:महंत हरिदास

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** अग्रहारा दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में चातुर्मास विराजित संत महंत हरिदास महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि शिव ही सारी सृष्टि के आधार है।मनुष्य शिव तत् को जानने से ही परम आनंद को उपलब्ध होता है। मनुष्य को जीवन में साध्य का वेवेकपूर्ण विचार




के साधना करनी चाहिए। शिव की महिमा का श्रवण और मनन करना चाहिए और कीर्तनोपासना करके शिवत्व को जानना चाहिए। इस कथा में आरती प्रसाद के लाभार्थी किशन सिंह महादेव केटर्स दासरहल्ली रहे। वही रामेश्वर जांगिड़, बालकिशन जांगिड़, रामस्वरूप जांगिड़, अशोक जांगिड़, तथा विमला सीरवी, विद्या देवी सीरवी, विमला देवी राजपुरोहित, किरण सीरवी, गीता देवी ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

# देवेंद्रनगर के उप स्वास्थ्य केंद्र गुड़ोर में मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम, की गई गर्भवती महिलाओं की जाँच

**गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**




गुड़ोर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती पिंकी पटेल द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम मनाया गया जिसमे गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें निशुल्क दवा वितरण की गई साथ ही गर्भवती महिलाओं को खानपान एवं स्वच्छता के बारे में समझाया गया तथा सभी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में डिलीवरी कराने की सलाह दी गयी। पिंकी पटेल द्वारा इस कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि सरकार देश में गरीब और कमजोर बर्ग के लोगों के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाती है. इन्हीं कार्यक्रम में से एक है प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम है, जिसमें गरीब महिलाओं को लाभ देने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाता है। इस योजना के द्वारा गरीब और कमजोर वर्ग की गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सभी प्रकार की जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है तथा मुफ्त इलाज की सुविधा भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में ए.एन.एम., आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सभी का उचित सहयोग रहा।

# आज नगर मौ आगमन पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा जी एवं जिला प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया जी भिंड जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया जी का मौ मंडल में हुआ जोरदार स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**





**मौ।** मंण्डल में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा एवं जिला प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया जी का आगमन होने पर हुआ जोरदार स्वागत इस अबसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सज्जन सिंह यादव जी , मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा जी, रामू कुशबाह सुल्तान मौर्य राजू मिश्रा रामख्तयार सिंह गुर्जर सन्तोष यादव बीरेन्द यादव पार्षद प्रमोद यादव पार्षद डॉ.बेताल गौड़ राय यादव पर्वत जादोंन हनुमत जादौंन सोमबीर सिबहरे कोक सिंह कुशबाह सुरेश छारी अतुल राजपूत पवन मिश्रा सेलू मिश्रा अरुण बाल्मिकी सोनू खांन शतीष परिहार दिनेश परिहार बिमल कुशबाह धर्मेन्द राणा सोनू शर्मा बबली यादव रामकुमार जादौंन ध्यानेन्द जाटव अजव सिंह कुशबाह राहुल गुर्जर बकील यादव आदि जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# ग्वालियर भिंड की मांग को लेकर समाजसेवियों ने दिया एक दिवसीय धरना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** ग्वालियर भिंड हाईवे की मांग को लेकर आज भिंड गोल मार्किट पर समाज सेवी जनों द्वारा राष्ट पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा हाईवे पर हजारों मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनिटका मौन धारण कर श्रद्धांजलि प्रदान की भूतपूर्व सैनिक सुनील फौजी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया की कार्यक्रम का संचालन हिरेंद्र प्रताप सिंह पुर ने किया तथा इस अवसर पर इसी हाईवे पर अपना एक मात्र बेटा खो चुके पूर्व सरपंच रामलखन दंडोतिया ने अपनी पीड़ा बयान की माहोल गमगीन हो गया,कार्यक्रम में हुई सभा को समाज सेवी सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर,समाज सेवी रमेश बाबू चौधरी समेरपुरा,रामानद भारद्वाज ,प्रदीप पवैया ,किसान नेता राजीव दीक्षित ने संबोधित किया,ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन की मांग का आज धरना स्थल पर जाकर समाज वादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज यादव , किसान नेता संजीव बरुआ,आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश भदोरिया,आप नेता जयदीप फौजी सरकार ,साकेत सक्सेना,विक्रांत दीक्षित,तथा जय मां पावई वाली भक्त मंडल ग्रुप के मोनू गुर्जर, सोनू बघेल , नकुल गुर्जर,कल्लू भदौरिया, गौरव शर्मा,ने जाकर आंदोलन को समर्थन दिया,इस अवसर पर सुनील फौजी ने कहा की अब अगर मांग नहीं सुनी गई तो हम गांव गांव जाकर अभियान चलाएंगे,इस अवसर पर ऐं तहार उपसरपंच बैकुंठी देवी, इमलेडा सरपंच धर्मेंद्रधाकरे, जल सिंह लोधी, बिनोद थापक, नाथूराम मिश्रा गोहर, मिथुन, पंकज त्रिपाठी पत्रकार, बिकास जमादार, बिल्लू यादव नालीपुरा, अजीतसिंह भदोरिया पूर्व सैनिक, रामसिंह सोनी, रमेश चंद्र त्रिपाठी, सूबेदार राजेश शर्मा रिटायर्ड आदि उपस्थित रहे।

# इससे पहले कि मुल्क भूले वह दर्दनाक हादसा !

**समाज-देश:** चेतन सिंह अब किसी का भी नाम हो सकता है ! जैसे हरिद्वार, हाशिमपुरा, हाथरस, कश्मीर घाटी या मणिपुर।

श्रवण गर्ग

कांस्टेबल चेतन सिंह या तो खुद ही भूल गया होगा कि उसने क्या अपराध किया है या उसके परिवार सहित जो ताकतें उसे मानसिक रूप से विचलित, विक्षिप्त अथवा अवसाद-पीड़ित साबित करने में जुटी हैं वे उसकी याददाश्त का गुम हो जाना सिद्ध कर देंगी...व्यक्ति ही नहीं, हुकूमतें भी सत्ता की असुरक्षा या किन्हीं अन्य कारणों से अवसाद अथवा विक्षिप्तता की शिकार हो जाती हैं तोमानवीय चीत्कारों को भी पलक झपकते ही भूल जाती हैं।

मणिपुर के पहले संसद में बहस शायद जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस में घटी त्रासदी पर होनी चाहिए और प्रधानमंत्री से जवाब भी माँगा जाना चाहिए! चलती ट्रेन में हुई त्रासदी और उसके मुख्य पात्र द्वारा उसकी ही गोली के शिकार हुए चार लोगों में से एक के शव के पास खड़े होकर दी गई नफरती स्पीच पर अगर बहस हो जाए तो फिर मणिपुर, मोनू मानेसर और हरिद्वार पर भी अपने आप हो जाएगी !

चेतन सिंह अब किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं रहा। हो सकता है इस नाम का उस शख्सियत से कोई ताल्लुक ही स्थापित नहीं हो पाए जो उस दुर्भाग्यपूर्ण रात सूरत स्टेशन पर अपने बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ एस्कॉर्ट ड्यूटी के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था। एस्कॉर्ट ड्यूटी बोलें तो यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन में चलने वाला रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) का अमला।

कांस्टेबल चेतन सिंह या तो खुद ही भूल गया होगा कि उसने क्या अपराध किया है या उसके परिवार सहित जो ताकतें उसे मानसिक रूप से विचलित, विक्षिप्त अथवा अवसाद-पीड़ित साबित करने में जुटी हैं वे उसकी याददाश्त का गुम हो जाना सिद्ध कर देंगी ! 'गज़नी' फिल्म के नायक संजय सिंहानिया को ऐसी बीमारी होती है जिसमें



वह पंद्रह मिनिट से ज्यादा पुरानी बात भूल जाता है। व्यक्ति ही नहीं, हुकूमतें भी जब सत्ता की असुरक्षा या किन्हीं अन्य कारणों से अवसाद अथवा विक्षिप्तता की शिकार हो जाती हैं तो बड़े-बड़े हत्याकांडों, आगज़नियों और मानवीय चीत्कारों को पलक झपकते ही भूल जाती हैं।

मीडिया की खबरों में बताया गया है कि कांस्टेबल को घटना के बाद जब मुंबई की एक अदालत में पेश किया गया तो घटना का प्रस्तुत विवरण उस जानकारी से कुछ भिन्न था जो जनता के बीच और मीडिया में प्रचारित है। मसलन, बताया गया है कि सांप्रदायिक नफरत से भरे उसके भाषण और उससे संबद्ध धाराओं का आरोपों के विवरण में कथित तौर पर उल्लेख नहीं किया गया। खबरों के मुताबिक़, सुनवाई के दौरान मीडिया की उपस्थिति भी प्रतिबंधित थी।

चेतन सिंह अब किसी का भी नाम हो सकता है ! जैसे हरिद्वार, हाशिमपुरा, हाथरस, कश्मीर घाटी या मणिपुर। उसे किसी हुकूमत का नाम या प्रतीक भी माना जा सकता है। उसके द्वारा दी गई जिस 'हेट स्पीच' का उल्लेख बहु-प्रचारित वीडियो में है उसमें नया कुछ भी नहीं है। हरिद्वार की 'धर्म संसद' में दो साल पहले दिये गये नफरती भाषणों से उसके कहे का मिलान किया जा सकता है। प्रकाशित विवरणों के मुताबिक, आरपीएफ के कांस्टेबल द्वारा हत्याकांड के बाद कुछ इस प्रकार की स्पीच दी गई थी : 'अगर वोट देना है, तो मैं कहता हूँ, मोदी और योगी ये दोनों हैं और आपके ठाकरे !'

हरिद्वार की 'धर्म संसद' में उपस्थित सैकड़ों साधु-संतों के द्वारा हिंदू समुदाय का आह्वान किया गया था कि अल्पसंख्यकों की समाप्ति के लिए शस्त्र उठाना होगा। एक ऐसे समय जब हरियाणा के कुछ शहर सांप्रदायिक हिंसा से झुलस रहे थे, एक राष्ट्रीय चैनल का एंकर जर्मनी में हिटलर द्वारा किये गये यहूदियों के नरसंहार की तर्ज पर ही 'समस्या' के 'फाइनल सोल्यूशन' की वकालत कर रहा था ! समस्या यानी? देश के करोड़ों अल्पसंख्यक?

हरिद्वार की 'धर्म संसद' के तत्काल बाद एक बड़ी संख्या में बुद्धिजीवियों, न्यायविदों, सेवानिवृत्त अफसरों, पूर्व सैन्य अधिकारियों आदि ने ऐसी चिंता व्यक्त करते हुए कि देश को गृहयुद्ध की आग में धकेला जा रहा है अपील की थी कि पीएम को चुप्पी तोड़नी चाहिए।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

# समाचार विश्लेषण : मौसम की भयानक मार झेल रहा है यूरोप

यूरोप के अन्य हिस्सों में सूखे का असर है, तो स्कैंडिनेवियाई देश तूफान के साथ आई बाढ़ से जूझ रहे हैं। नॉर्वे की कई सड़कें मंगलवार को बाढ़ और भूस्खलन की वजह से बंद रहीं। कई क्षेत्रों के लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाया गया है।

मौसम के तीखे तेवरों ने पूरे यूरोप की हालत खराब कर दी है। एक तरफ भारी बारिश, आंधी-तूफान और भूस्खलन ने हालत बिगाड़ रखी है तो दूसरी तरफ यूरोप का ही एक बड़ा हिस्सा भयानक सूखा और जंगल की विनाशकारी आग से जूझ रहा है।

इस मंगलवार को लातविया की आंधी में एक आदमी की मौत हो गई और 8 दूसरे लोग घायल हो गए। तेज हवाएं, बारिश और आंधी ने सोमवार को ही लातविया, एस्तोनिया और लिथुआनिया पर धावा बोला था। इसकी चपेट में आ कर इमारत और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है जबकि पेड़ अपनी जड़ों से ही उखड़ गए हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक हजारों घरों में बिजली की सप्लाई सोमवार से ही बंद है। यूरोप के कई हिस्से प्रकृति की आपदाओं का सामना कर रहे हैं।

स्लोवेनिया में जर्मन राहतकर्मियों के पहले दल ने भयानक बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया है। सोमवार को बचाव दल के विशेषज्ञ एक्सकेवेटर के साथ यहां पहुंच गए। उनके बीचे स्वयंसेवकों और बचावकर्मियों का दल भी वहां पहुंच रहा है।

स्लोवेनिया के हालात कुछ कुछ वैसे ही हैं जैसे कि जर्मनी में दो साल पहले आर घाटी में आई भीषण बाढ़ के बाद हुए थे। जुलाई 2021 में आई उस बाढ़ में 185 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों घरों को भारी नुकसान पहुंचा था।

सप्ताहांत में स्लोवेनिया ने यूरोपीय संघ के आपदा राहत तंत्र को सक्रिय किया था। इसके बाद जर्मनी और फ्रांस ने तुरंत बचावकर्मियों के दल को साजोसामान के साथ रवाना कर दिया। बाढ़ और भूस्खलन की वजह से यहां भारी नुकसान हुआ है। कई गांवों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। सड़कें और रेललाइनें पानी में डूबी हुई हैं। सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया और क्रोएशिया में छह लोगों की मौत हो गई।

इस बीच स्कैंडिनेवियाई देश भी हांस तूफान के साथ आई बाढ़ से जूझ रहे हैं। नॉर्वे की कई सड़कें मंगलवार को बाढ़ और भूस्खलन की वजह से बंद रहीं। कई इलाकों के 100 से ज्यादा लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाया गया है। नॉर्वे के मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि चरम मौसमी परिस्थितियों के कारण आए संकट से फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं। बुधवार को भी भारी बरसात होने की आशंका है खासतौर से ओस्लो के उत्तरी इलाकों में।

हांस तूफान ने पहले स्वीडन में कदम रखे और फिर जल्दी ही नॉर्वे की तरफ चला गया। स्टॉकहोम से करीब 300 किलोमीटर दूर हुडिक्सवालके पास दो यात्री ट्रेन पटरी से उतर गए। यह तूफान स्कैंडिनेवियाई देशों में अभी अगले कई और दिन तक बना रहेगा ऐसी आशंका जताई गई है।

मंगलवार को स्वीडन के एक टाउन में स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब रात के वक्त आरे नदी का पानी अपने किनारों को तोड़ कर बहने लगा। मीडिया में आई तस्वीरों में सड़कों पर पानी भरा दिख रहा है। पुलिस ने भारी नुकसान होने की जानकारी दी है। पश्चिमी तटवर्ती शहर गोथेनबुर्ग में भी गोटा आल्व नदी अपने किनारों को तोड़ कर बह रही है।

*(साभार-डीडब्ल्यू.कॉम)*

अपनी बात
संपादकीय

## मणिपुर में बिगड़ते हालात

*मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां की पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मेतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है।*

*मणिपुर में अशांति की शुरुआत हुए तीन महीना गुजर गए हैं, लेकिन आज भी हर रोज आने वाली खबर वहां लगातार बिगड़ रहे हालात का संकेत दे रहे हैं। अब तक बात दो समुदायों के बीच हो रही हिंसा की थी। लेकिन अब झगड़ा राज्य पुलिस और एक अर्ध सैनिक बल के बीच तक पहुंच गया है। पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवान आपस में तू तू-मैं मैं करते देखे गए। फिर खबर आई कि असम सरकार ने चूराचांदपुर और विष्णुपुर के बीच मौजूद एक चौकी से असम राइफल्स की टुकड़ी को हटने का आदेश दिया। अब खबर आई है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है। इसमें असम राइफल्स पर कुकी चरमपंथियों को भागने का मौका देने और उन्हें संरक्षण देने का इल्जाम लगाया गया है। यहां इस बात को रेखांकित करने की जरूरत है कि असम राइफल्स की कमान भारतीय सेना के पास है।*

*क्या बात किसी आम कल्पना में समा सकती है कि भारतीय सेना उग्रवादियों की मदद कर रही है? लेकिन मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मेतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में संभवतः अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है। यह बहुत खतरनाक स्थिति है। इस पर तुरंत नियंत्रण कायम नहीं किया गया, तो स्थितियां हमारी आशंकाओं से भी ज्यादा बिगड़ सकती हैं। यह अच्छी बात है कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से देश का ध्यान मणिपुर के हालात पर टिका है। विपक्षी नेताओं ने वहां की स्थितियों का विस्तार वर्णन कर देश को इस बारे में आगाह किया है। अब अपेक्षित है कि जब प्रधानमंत्री जब जवाब दें, तो वे इस दौरान उठे गंभीर प्रश्नों के ठोस उत्तर प्रस्तुत करें। उससे मणिपुर में स्थितियों को बेहतर करने में मदद मिलेगी।*

## दवा उद्योग का संकट

*पिछले दस महीनों में भारतीय कंपनियों की दवाओं के खिलाफ डब्लूएचओ की यह पांचवीं चेतावनी है। पिछले कुछ महीनों से भारत का दवा उद्योग अंतरराष्ट्रीय विवादों से जूझ रहा है, क्योंकि कई देशों से भारतीय दवाओं से लोगों की जान जाने की खबरें आ चुकी हैं।*

*एक समय भारत में खासकर जेनेरिक दवाओं का उद्योग इतनी तेजी से विकसित हुआ कि भारत को गरीब देशों के लोगों का जीवन-रक्षक बताया जाने लगा। लेकिन भारतीय दवाएं अगर दुनिया भर में इस्तेमाल की जाने लगीं, तो इसका कारण सिर्फ उनका सस्ता होना नहीं था। बल्कि सस्ता होने के साथ भारतीय दवाओं ने सुरक्षित और प्रभावी होने की अपनी साख भी बनाई थी। आज यही साख खतरे में है। विदेशों में एक के बाद दूसरी दवा को असुरक्षित घोषित करने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ताजा खबर है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का एलान है। संगठन ने कहा है कि पिछले महीने इराक में पाया गया दूषित सामान्य कोल्ड सिरप तमिलनाडु स्थित एक भारतीय दवा कंपनी द्वारा निर्मित किया गया था। दूषित बैच का निर्माण फोर्ट्स (इंडिया) लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ था। डैबिलाइफ फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के लिए बनी 'कोल्ड आउट' नाम की सर्दी की दवा है, जिसकी इराक में बिक्री होती है। डब्लूएचओ के मुताबिक इस दवा के सैंपल में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा मानक से काफी ज्यादा थी।*

*संगठन ने अपने बयान में कहा है- 'यह उत्पाद घटिया और असुरक्षित है। इसका इस्तेमाल खासकर बच्चों को गंभीर नुकसान या उनकी मौत का कारण बन सकता है।' पिछले दस महीनों में भारतीय कंपनियों की दवाओं के खिलाफ विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पांचवीं चेतावनी है। पिछले साल गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में कम से कम 89 बच्चों की मौत के लिए भारतीय कंपनी मेडेन फार्मास्यूटिकल्स के कफ सिरप को जिम्मेदार ठहराया गया था। इसके अलावा भारतीय अधिकारियों को राइमन लैब्स द्वारा निर्मित कफ सिरप में भी विषाक्त पदार्थ मिले, जिसे कैमरून में बच्चों की मौत के लिए दोषी ठहराया गया था। गौरतलब है कि भारत में दवा निर्माण का 41 अरब डॉलर का उद्योग है। यह दुनिया के सबसे बड़े दवा निर्माताओं में से है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से भारत का दवा उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादों से जूझ रहा है।*

एनसीपी के कई विधायक 4 अगस्त को समाप्त हुए 3-हफ्ते तक चले मानसून सत्र में बमुश्किल शामिल हुए। जो लोग सदन में बैठे, उन्होंने एक-दूसरे पर कटाक्ष करने से परहेज किया।... अगर अजीत दादा और प्रफुल्ल पटेल कहते हैं कि उनके साथ 40 से अधिक लोग हैं, तो कम से कम 35 या उससे अधिक लोग सदन के अंदर दिखने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं था।"एनसीपी नेताओं का कहना है कि शरद पवार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है – कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ नहीं जा रहे हैं, लेकिन किसी को भी ऐसा करने से नहीं रोकेंगे।

# महाराष्ट्र: विधानसभा सत्र में कई एनसीपी विधायक लॉबी में बैठे रहे!

पूर्वा चिटणीस



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजीत पवार द्वारा अपनी पार्टी से नाता तोड़कर महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के लगभग एक महीने बाद, एनसीपी के अधिकांश विधायक अभी भी असमंजस में हैं कि किस खेमे का समर्थन किया जाए। यह महाराष्ट्र विधानसभा के हाल में समाप्त हुए सत्र के दौरान साफ साफ दिखा – पवार के कदम के बाद यह पहला मौका था जिसमें राकांपा के अधिकांश विधायक मुश्किल से ही शामिल हुए।

पार्टी सुप्रीमो शरद पवार के खेमे के एक वरिष्ठ एनसीपी विधायक ने बताया कि तीन सप्ताह का मानसून सत्र, जो 4 अगस्त को समाप्त हुआ, कई विधायक केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा, जिन्होंने पाला बदल लिया है वे परेशान हैं। हम सदन के अंदर उनकी उपस्थिति की गिनती कर रहे थे और मुश्किल से कुछ ही लोग थे – आप उन्हें अपनी उंगलियों पर गिन सकते हैं। वे वहां लॉबी में थे, लेकिन सदन के अंदर नहीं; अंदर वाले भी बस दो-चार मिनट के लिए आते और चले जाते। कई विधायकों की कोई सक्रिय भागीदारी की। सभी भ्रमित हैं।

2 जुलाई को, अजित पवार अपने चाचा शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी – जो कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी का हिस्सा है – से अलग हो गए और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद, उन्हें और उनके खेमे के कई एनसीपी विधायकों को कैबिनेट विभाग आवंटित किए गए, जिसमें खुद पवार को वित्त और योजना मंत्रालय मिला। उन्होंने एनसीपी के अधिकांश विधायकों का समर्थन होने का दावा किया है, और पार्टी के नाम और प्रतीक पर दावा करने की कोशिश की है।

हालांकि, एनसीपी के दोनों खेमों के सूत्रों ने कहा कि कुछ विधायकों ने सार्वजनिक रूप से एक गुट का समर्थन किया है, लेकिन कई अभी भी तटस्थ हैं और उन्होंने किसी भी पक्ष का समर्थन करते नजर आने से बचने के लिए विधानसभा सत्र के दौरान सदन में नहीं बैठने का फैसला किया है। गौरतलब है कि किसी भी खेमे ने यह घोषणा नहीं की है कि कितने विधायक उनके साथ हैं।

वरिष्ठ राकांपा नेता अनिल देशमुख ने कहा, "यह सच है कि कई लोग विधानसभा में आए लेकिन सदन के अंदर नहीं बैठे। हालांकि, उनकी अनुपस्थिति का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है।"

विधानसभा में एनसीपी ऑफिस के एक अधिकारी के अनुसार, पार्टी उपस्थिति रिकॉर्ड बनाए रखने में बहुत खास नहीं रही है क्योंकि "भ्रम की स्थिति है"। विधान भवन के रिकॉर्ड के अनुसार – जहां राज्य विधानमंडल के दोनों सदन स्थित हैं – 82 प्रतिशत विधायकों ने मानसून सत्र में भाग लिया।

हालांकि, विधान भवन ने पार्टी-वार विवरण साझा करने से इनकार कर दिया।

एनसीपी के जो विधायक सदन में बैठे, उन्होंने भी एक-दूसरे पर निशाना साधने से परहेज किया।

राजनीतिक विश्लेषक हेमंत देसाई ने कहा, इसका कारण यह हो सकता है कि कई विधायक अभी भी निर्णय नहीं ले पा रहे हैं और दोनों खेमे अधिक विधायकों को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। देसाई ने कहा, वे अभी भी नहीं जानते कि क्या करना है। जिन लोगों ने पाला बदल लिया है, उन्हें लगता है कि उन्हें फिर से चुने जाने के लिए अभी भी शरद पवार की जरूरत पड़ सकती है, जबकि जो लोग तटस्थ रहे हैं, उन्हें लगता है कि अगर वे अपनी निष्ठा दिखाते हैं, तो उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए धन नहीं मिल सकता है।

### सेना विभाजन के साथ तुलना करें

पिछले साल भी विधानसभा का मानसून सत्र शिवसेना में टूट के बाद आयोजित किया गया था। लेकिन एनसीपी खेमों का संयमित आचरण अब पिछले साल प्रतिद्वंद्वी सेना के बीच सार्वजनिक कटुता के बिल्कुल विपरीत है, जब उद्धव ठाकरे गुट ने शिंदे के नेतृत्व वाले विद्रोहियों पर "देशद्रोही" के रूप में हमला किया था।

ठाकरे खेमे ने विद्रोहियों के खिलाफ आक्रामक तरीके से आरोप लगाए, आरोप लगाया कि विभाजन इंजीनियर किया गया था और यह विचारधारा में अंतर का नतीजा नहीं था, बल्कि प्रत्येक विधायक को 50 करोड़ रुपये के भुगतान के साथ रिश्वत दी गई थी – और शिंदे खेमे ने उसी तरह से जवाबी हमला किया। दोनों पक्षों ने आधिकारिक शिव सेना के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए भी लड़ाई लड़ी, चुनाव आयोग (ईसी) ने अंततः शिंदे खेमे के दावे को मान्यता दी। एनसीपी के मामले में, अजीत पवार के समूह ने इसी तरह पार्टी के नाम और प्रतीक पर दावा करते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, और आयोग ने शरद पवार गुट से जवाब मांगा है।

हालांकि, शरद पवार के वफादार जितेंद्र अवहाद ने कहा है कि पार्टी में कोई विभाजन नहीं है और अजित पवार खेमे से सबूत मांगा है। मीडिया रिपोर्ट्स में उनके हवाले से कहा गया, "हमारी पार्टी में कोई विभाजन नहीं हुआ है।

# मुख्यमंत्री के 10 अगस्त को कार्यक्रम के दौरान परिवर्तित रहेगा मार्ग और पार्किंग व्यवस्था

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के 10 अगस्त को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम एवं लाड़ली बहना योजना के कार्यक्रम के आयोजन के कारण आज 10 अगस्त को बसों एवं वाहनों के लिए परिवर्तित किये गये हैं। इस दौरान परिवर्तित पार्किंग स्थल पर ही वाहन पार्क किये जाय। उन्होंने बताया कि बाणसागर, पीटीएस मार्ग रूट की बसों के लिए बंद रहेगा। नये बस स्टैण्ड से गुड़, गोविंदगढ़, शहडोल, सीधी, सिंगरौली की ओर से जानी वाली सभी सबारी बसें परिवर्तित मार्ग रतहरा बाईपास होते हुए रिंग रोड से जायेंगी। गोविंदगढ़ शहडोल, सीधी, सिंगरौली की ओर से आने वाली सबारी बसें सिलपरा रिंग रोड से परिवर्तित मार्ग रतहरा तिराहा से नया बस स्टैण्ड पहुंचेगी। इसी प्रकार गुड़ की ओर से आने वाली सबारी बसें लोही ब्रिाज से परिवर्तित मार्ग रतहरा तिराहा होते हुए नया बस स्टैण्ड पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि सतना, सेमरिया, सिरमौर, चाकघाट, मऊगंज की ओर से कार्यक्रम में आने वाली बसें बाईपास से परिवर्तित मार्ग रिंग रोड होते हुए लोही ब्रिाज की तरफ से प्रवेश करेंगी और लोगों को उतारने के बाद रोड के किनारे पार्किंग कराई जायेगी। कालेज चौराहा में रोड शो के दौरान सिरमौर चौराहा से आना वाला ट्राफिक आकाशवाणी रोड एवं आईजी आफिस वाली रोड से सिविल लाइन होते हुए लाड़ली लक्ष्मी रोड़ पर निकल जायेगी। जयस्तंभ की ओर से आने वाला ट्राफिक गुप्ता पेट्रोल पंप से परिवर्तित मार्ग लाड़ली लक्ष्मी रोड होते हुए सैनिक स्कूल के पास से अथवा डीजे बंगला के बगल से सिविल लाइन होकर विश्वविद्यालय रतहरा की ओर जायेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रोड शो के शिल्पी प्लाजा पहुंचने पर अस्पताल चौराहा से आने वाले लोग स्टेच्यू चौराहा होकर सांई मंदिर होते हुए स्टेच्यू चौराहा निकलेगें। उन्होंने बताया कि रोड शो के अस्पताल तिराहा पहुंचने पर सिरमौर चौराहा की ओर से आने वाला ट्राफिक द्वारिका नगर की ओर अथवा सफारी होटल के पास से शिल्पी प्लाजा की ओर परिवर्तित रहेगा। पीटीएस व गुड़ चौराहा से होकर आने वाला ट्राफिक गुड़ चौराहा से पुलिस लाइन की ओर एवं पीटीएस चौक से द्वारिका नगर, समान या पुलिस लाइन की ओर परिवर्तित रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री के आज के कार्यक्रम को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था बनाई है। उन्होंने बताया कि धोबिया टंकी, पीटीएस, गोविंदगढ़ की ओर से कार्यक्रम में आने वाले 4 पहिया वाहन पुलिस लाइन के मेन गेट से होते हुए परेड ग्राउंड में पार्किंग की जायेगी। गुड़ की ओर से कार्यक्रम में आने वाले चार पहिया वाहन कमाण्डेंट बंगला के सामने एसएफ कालोनी में पार्क करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि व्हीआईपी पार्किंग एसएएफ ग्राउंड में क्वार्टर गार्ड के सामने रहेगी। कालेज चौराहा में रोड शो में जयस्तंभ की ओर से आकर शामिल होने वाले लोगों के वाहन एनसीसी ग्राउंड में पार्क किये जायेगे। रतहरा विश्वविद्यालय की ओर से आने वाले लोगों के वाहन विवेकानंद पार्क के बगल से आडिटोरियम तक रोड के बगल से पार्क होंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि व्हीआईपी कार्यक्रम के दौरान शासकीय कार्य में लगे ड्रोन के अतिरिक्त अन्य सभी ड्रोन की उड़ान प्रतिबंधित रहेगी।

## कलेक्टर एवं एसपी ने मुख्यमंत्री का जिले में भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

**कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं एसपी मनीष खत्री ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भिण्ड जिले अंतर्गत तहसील लहार में भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, एएसपी, एसडीएम लहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड मनोज सरियाम को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपकर प्राथमिकता से दायित्वों का निर्वहन करने निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली और रोड-शो, प्रदर्शनी के साथ ही पार्किंग, पेयजल, आगमन, निर्गम, बैरिकेटिंग, यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए तहसील लहार में कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# विकास के पथ पर नए प्रतिमान गड़ता रीवा जिला





**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** रीवा जिला कभी विन्ध्य प्रदेश की राजधानी था। नवगठित मध्यप्रदेश में रीवा का विकास संभागीय मुख्यालय के रूप में हुआ। रीवा जिले में पिछले 10 वर्षों में सिंचाई कृषि तथा अधोसंरचना के विकास के कई बड़े कार्य हुए हैं। इन क्षेत्रों में रीवा जिले ने विकास की नई ऊँचाईयाँ छुई हैं। जिले में पिछले वर्ष केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने एक हजार करोड़ की लागत से बनी 6 लेन मोहनिया टनल का उद्घाटन किया। यह प्रदेश की सबसे चौड़ी सड़क सुरंग है। इससे रीवा से सीधी के बीच की दूरी 7 किलोमीटर कम हो गई है। रीवा के सोलर पावर प्लांट में 750 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। रीवा की बिजली से दिल्ली की मेट्रो दौड़ रही है। पिछले पाँच वर्षों में रीवा शहर मे दो फ्लाई ओवर, एक रेलवे ओवर ब्रिज तथा 14 किलोमीटर की मॉडल रोड का निर्माण किया गया है। रीवा में एयरपोर्ट का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। रीवा की रिंग रोड-2 का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इनके साथ-साथ शहर में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए गए हैं। रीवा से जबलपुर, रीवा से सतना, रीवा से

### सिंचाई, खेती और अधोसंरचना में जिले को मिली नई ऊँचाई

प्रयागराज, रीवा से सीधी टू लेन तथा रीवा से बनारस के लिए फोरलेन मार्ग की सुविधा है। रीवा जिले में बाणसागर बांध की नहरों का जाल बिछा हुआ है। सिंचाई की सुविधा मिलने से खेती में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। जिले में 2008 में कुल 682190 मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन होता था जो 2022 में बड़कर 1394534 मीट्रिक टन हो गया है। खेती का रकबा 262 लाख हेक्टेयर से बड़कर 383 लाख हेक्टेयर हो गया है। जिले में गेंहू की उत्पादकता पिछले 8 वर्षों में 2210 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बड़कर 4065 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है। पिछले तीन वर्षों में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को 16865 करोड़ का फसल ऋण वितरित किया गया है। खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों में भी रीवा जिले में अच्छा उत्पादन हो रहा है। यहाँ के सुंदरजा आम को हाल ही में जीआई टैगिंग प्राप्त हुई है। जिले में प्याज, टमाटर, आलू, हल्दी, अदरक, लौकी, बैगन, मिर्च, नींबू तथा विभिन्न फलों का अच्छा उत्पादन हो रहा है। बड़ी संख्या में बने नेटशेड एवं पॉली हाउस में फूलों की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाखों हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना से 133149, लाड़ली बहना योजना से 400286, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से 241188 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण क्षेत्र में 149721 परिवारों को पक्के आवास की सुविधा मिली है। जिले में आयुष्मान कार्ड योजना से 114118 व्यक्तियों को 159 करोड़ 83 लाख रुपए की उपचार सहायता दी गई है। जिले में 1543410 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जिले में 1757875 व्यक्तियों को उचित मूल्य दुकानों से हर माह खाद्यान्न दिया जा रहा है।

## कोठी पुलिस चंदन चोरी के आरोपियों को यूपी से पकड़ कर लाए

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



कोठी पुलिस को मिली बड़ी सफलता कोठी के बडौर में हुई चंदन के पेड़ की चोरी के चोर गिरोह के दो 5000-5000हजार के इनामी आरोपी को कोठी पुलिस ने पकड़ा सराहनीय भुमिका थाना प्रभारी कोठी रोहित यादव उप निरीक्षक उमेश तिवारी प्रधान आरक्षक सुदीश अग्निहोत्री आर 49 मानवेन्द्र सिंह आर पंकज कुशवाहा आर. राज्यपाल बागरी की सराहनीय भूमिका रही।

## विकास पर्व में मुख्यमंत्री रीवा को देंगे कई निर्माण कार्यों की सौगातें

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एसएएफ मैदान में आयोजित लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय सम्मेलन में शामिल होंगे। विकास पर्व में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री जी रीवा जिले को 20 बड़े निर्माण कार्यों की सौगातें देंगे। समारोह में मुख्यमंत्री जी 153.317 करोड़ रुपए के 20 निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इस दौरान 67.62 करोड़ रुपए की लागत के दस कार्यों का शिलान्यास एवं 85.697 करोड़ रुपए की लागत के दस कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान 10.94 करोड़ रुपए से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट में 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 4.26 करोड़ रुपए के शासकीय माधव सदाशिव राव गोलवलकर डिग्री कालेज में 6 व्याख्यान कक्ष निर्माण का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में पीजी सीट्स वृद्धि अन्तर्गत 35.45 करोड़ रुपए की लागत से बालक एवं बालिका छात्रावास निर्माण तथा 93 लाख रुपए से कोल सामुदायिक भवन निर्माण एवं 2.09 करोड़ रुपए से जिला पंचायत के अतिरिक्त भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 1.89 करोड़ रुपए के रीवा-सिरमौर मेनरोड से गरगन टोला मार्ग निर्माण, 4.23 करोड़ रुपए के सिरमौर मेन रोड से मलैहान टोला वाया तिवरियान टोला से सगरा मार्ग निर्माण, 92 लाख रुपए से रीवा-मनकहरी-मझियार रोड से हरिहरपुर एप्रोच मार्ग निर्माण, 3.82 करोड़ रुपए से जेपी मोड़ से ग्राम दुआरी, तुर्कहा-बनकुइयाँ रोड से सच्चा नगर करहिया रेलवे स्टेशन कार्य का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान समारोह में 2.67 करोड़ रुपए से आईडीपी योजनान्तर्गत शासकीय स्वामी विवेकानंद कालेज त्योंथर के नवीन निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य, 1.25 करोड़ रुपए से माधव सदाशिव राव गोलवलकर कालेज रीवा में नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य तथा 3.02 करोड़ रुपए से शासकीय कन्या पीजी कालेज में नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 3.864 करोड़ रुपए से जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन, 66.8 करोड़ रुपए से श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रावास भवन, 2.15 करोड़ रुपए से एनएच 37 से उकठा-कंचनपुर सड़क तथा 1.65 करोड़ रुपए से निर्मित मड़ी से उमरी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।

## विधानसभा चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण की हर बात को आत्मसात करें मास्टर ट्रेनर : डॉ सोनवणे**

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** विधानसभा चुनाव के लिए जिले में तैयारियाँ आरंभ कर दी गई हैं। मतदान तथा मतगणना दलों को प्रशिक्षण देने के लिए सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में मास्टर ट्रेनरों के दल तैनात किए गए हैं। इनका एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण देते हुए नोडल अधिकारी ट्रेनिंग तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि प्रशिक्षण जितना अच्छी तरह होगा कार्य उतनी ही सरलता से होगा। प्रशिक्षण में बताई जा रही हर बात को मास्टर ट्रेनर आत्मसात करें। निर्वाचन आयोग के नवीनतम निर्देशों की जानकारी के लिए प्रतिदिन आयोग की वेबसाइट का अवलोकन करें। मास्टर ट्रेनर निर्वाचन की प्रक्रिया से जुड़े सभी आदेशों-निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। आप जब तहसील स्तर पर प्रशिक्षण देंगे तब पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों की हर जिज्ञासा को शांत करना आपकी जिम्मेदारी होगी। प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षण के प्रभारी डॉ अमरजीत सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर निर्वाचन की प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए आयोग के निर्देशों को कंठस्थ कर लें। निष्पक्ष तथा बाधा रहित मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण का पूरी तरह से प्रभावी होना आवश्यक है। पूरे आत्मविश्वास के साथ मतदान दलों को प्रशिक्षण दें। निर्वाचन का कार्य अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण होता है। इसमें की गई छोटी सी भूल भी पूरी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। डॉ सिंह ने व्हीव्हीपैट, ईव्हीएम मशीन के संचालन, मतपत्र लेखा तैयार करने, दिव्यांग तथा 80 वर्ष से अधिक मतदाताओं को मतदान की विशेष सुविधा देने, डाकमत पत्र से मतदान तथा प्रॉक्सी मतदान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण देते हुए डॉ सिंह ने कहा कि वास्तविक मतदान से 90 मिनट पहले मॉक पोल करना आवश्यक होगा। निर्धारित समय पर यदि पोलिंग एजेण्ट उपस्थित नहीं होते हैं तो 15 मिनट प्रतीक्षा करके पीठासीन अधिकारी मॉक पोल संपन्न कराएं। मॉकपोल में प्रत्येक उम्मीदवार को समान संख्या में मतदान कराकर उसका परिणाम एजेण्टों के समक्ष प्रदर्शित करें। मॉक पोल संपन्न होने के बाद दर्ज मत क्लियर करके एजेण्टों को मतदान मशीन के शून्य होने की जानकारी देकर उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सील बंद करें। मॉक पोल में व्हीव्हीपैट मशीन में निकली पर्चियों को भी पृथक से काले कलर के लिफाफे में सील बंद करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान पोलिंग एजेण्ट की नियुक्ति, मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं, मतदान दल के सभी सदस्यों के अलग-अलग कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। ईव्हीएम के मास्टर ट्रेनर सुमेश डाकवाले ने ईव्हीएम के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। सहायक कलेक्टर सोनाली देव ने मतदाता सूची में महिला मतदाताओं का नाम शामिल कराने तथा हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के संबंध में जानकारी दी।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान में ग्राम नचनौरा में अमर शहीदों की याद में हुआ वृक्षारोपण

**सोहावल की ग्राम पंचायत नचनौरा में**

पुष्पांजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर सतना जिले की ग्राम पंचायत नचनौरा में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अभियान के प्रमुख 5 घटकों की गतिविधियां सम्पादित की गई और जल संरचनाओं के निकट 75-75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका तैयार की गई। गांव के अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, सुरक्षा बलों के शहीद जवानों को याद किया गया। जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत नचनौरा में मेरी माटी मेरा देश अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुए। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों के साथ पंच प्रण की शपथ ली। कार्यक्रम में स्थानीय रीति-रिवाज के अनुसार देश की सेवा में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले अमर शहीदों एवं सुरक्षाबलों की शहादत और वीरता को नमन किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर ग्राम नचनौरा सरपंच योगेंद्र शुक्ला पत्रकार राजेश तिवारी सहित ग्रामवासियों ने



अमृत वाटिका स्थल पर 75 पौधों का रोपण किया। सरपंच ग्राम पंचायत नचनौरा योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे देश की प्रगति और समृद्धि की यात्रा का उत्सव है। यह अवसर हमारे देश की आजादी और उसकी सुरक्षा के लिए कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों का स्मरण कर कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी है। सरपंच योगेंद्र शुक्ला की उपस्थित ग्राम वासियों से आगामी 13 से 15 अगस्त तक चलाये जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान में बड़-चड़कर कर हिस्सेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर ग्रामवासी अपने-अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराये इस अवसर पर सरपंच योगेंद्र शुक्ला सचिव उमेश गौतम सह सचिव बृजेश कुमार वर्मा पत्रकार राजेश तिवारी नरेंद्र सिंह बाल कुमार त्रिपाठी सत्यनारायण द्विवेदी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी के कैमरे अंधे, भिखारी आतंक नहीं देख पा रहे



ग्वालियर। पड़ाव चौराहे पर कब्जा जमाये भिखारी आज भी दिनभर वाहन चालकों को परेशान करते रहे। पड़ाव चौराहे पर भिखारियों के आतंक की खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जिला, निगम, पुलिस प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं स्मार्ट सिटी डवलपमेंट कारपोरेशन के कैमरे अंधे हो गये है, उन्हें पड़ाव चौराहे पर भिखारियों का कब्जा दिखाई नहीं दे रहा है। आज भी 20 ये 25 भिखारी जिसमे छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं दिनभर पड़ाव चौराहे पर वाहन चालकों को परेशान करते रहे। इनको न तो स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस सिस्टम ने देखा और न ही यातायात पुलिस ने।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा-कमिश्नर तथा एडीजीपी ने तैयारियों का लिया जायजा

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**



**रीवा।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 10 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान विवेकानंद पार्क कालेज चौराहे से अस्पताल चौराहे तक आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आमजनों से संवाद करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान एसएएफ मैदान में आयोजित लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री समारोह में लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त की राशि पात्र महिलाओं के बैंक खाते में सिंगल क्लिक से जारी करेंगे। मुख्यमंत्री जी के दौरे की युद्ध स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं। कमिश्नर अनिल सुचारी तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केपी व्यंकटेश्वर राव ने तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के दौरे के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। सभी अधिकारी दिए गए निर्देशों के अनुसार आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। जनदर्शन कार्यक्रम तथा लाड़ली बहना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में साफ-सफाई, पेयजल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक दोनों कार्यक्रमों में आवश्यक सुरक्षा दल तैनात रखने, जनदर्शन कार्यक्रम के कारण यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें। परिवर्तित मार्गों की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजनता को अवश्य दें। मुख्य समारोह में शामिल होने वाले व्यक्तियों के वाहनों के पॉर्किंग की उचित व्यवस्था कराएं। इस अवसर पर डीआईजी मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अम्बाह सिबिल अस्पताल का निरीक्षण कर सभी बार्डो को देखा तथा सुधार हेतु दिये निर्देशः एसडीएम अम्बाह

**केशब पंडित जी अम्बाह**



**अम्बाह।** सिबिल अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचने और उसमें सुधार को लेकर आज बुधवार को एसडीएम अरबिन्द माहौर ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के लिए सायकाल सिविल अस्पताल पहुंचे। एसडीएम अरबिन्द माहौर और स्त्री रोग बिशेषज्ञ पीपी शर्मा के साथ किए गए इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने प्रस्तुति वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से बातचीत की। उल्लेखनीय है कि सिबिल अस्पताल अम्बाह में सर्वाधिक शिकायतें प्रसव मामलों को लेकर ही आती है ऐसे में एसडीएम ने सबसे पहले वहां प्रसूति वार्ड का ही निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने पार्किंग, ओपीडी, का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ओपीडी में ड्यूटी चार्ट प्रतिदिन अपडेट करने, डॉक्टरों के समय से ओपीडी में पहुंचने, सिविल सर्जन को नियमित रूप से ओपीडी और अस्पताल विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं या खामियों को तुरंत दूर करवाने को कहा में द्वाबारा फिर आकस्मिक निरीक्षण करूगा सुधार मिलना चाहिये।

# बॉलीवुड में कदम रखेंगी कीर्ति सुरेश



अभिनेत्री कीर्ति सुरेश दक्षिण भारतीय सिनेमा का जाना-माना नाम हैं। वह कई फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। साउथ में अपना जलवा बिखेरने के बाद अब कीर्ति बॉलीवुड में अपना सिक्का जमाने को तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म साइन कर ली है और और खास बात यह है कि इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति, वरुण के साथ बॉलीवुड में पदार्पण कर रही हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसका निर्देशन कलीस कर रहे हैं, जो तमिल सिनेमा में बेहद लोकप्रिय हैं। कीर्ति बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की राह देख रही थीं। अब यह तलाश उनकी आखिरकार इस फिल्म पर आकर खत्म हुई है।

कीर्ति यह फिल्म साइन कर चुकी हैं। फिल्म के लिए दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। निर्माताओं ने नवंबर तक शूट पूरा करने की योजना बनाई है और 31 मई, 2024 तक इसे दर्शकों के बीच लाने की तैयारी है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जो एक साथ कई भाषाओं में रिलीज होगी। सूत्रों की मानें तो फिल्म की कहानी से लेकर, किरदार और एक्शन तक लाजवाब होगा। फिल्म का निर्माण एटली कुमार के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले हो रहा है, वहीं मुराद खेतानी इसके सह-निर्माता हैं। वरुण फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये थलापति विजय की हिट फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है।

# इलियाना डिक्रूज ने इंस्टा पर शेयर की फोटो



अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने मां बनने के खुशी साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर अपने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। कोआ का जन्म एक अगस्त को हुआ था। उनके नाम का मतलब योद्धा है। इलियाना ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे के साथ एक ब्लेक एंड व्हाइट फोटो पोस्ट की। फोटो में इलियाना, कोआ का हाथ पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। उन्होंने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, मां बनने का एक सप्ताह। इस सप्ताह की शुरुआत में इलियाना ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे के जन्म की घोषणा की थी। इलियाना ने लिखा था, "कोआ फीनिक्स डोला का एक अगस्त 2023 को जन्म हुआ। कोई भी शब्द यह नहीं बता सकता कि हम कितने खुश हैं। अप्रैल में इलियाना ने अपनी गर्भावस्था की घोषणा करते हुए एक पोस्ट की थी।

# यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार की आने वाली फिल्म यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी अहम भूमिका में नज़र आएंगे। यश दासगुप्ता, अनस्वरा रंजन, वरीना हुसैन और प्रिया वारियर जैसे कलाकार भी यारियां 2 में काम करते नजर आयेंगे। राधिका राव और विनय सप्रू के निर्देशन में फिल्म यारियां 2 , 20 अक्टूबर को सिनेमा घरों में रिलीज़ की जाएगी।

# धनुष ने किया अपनी 51वीं फिल्म का ऐलान



दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धनुष ने अपनी नई पैन इंडिया फिल्म डी51 का ऐलान कर दिया है। फिलहाल फिल्म के शीर्षक का ऐलान नहीं किया गया है। डी51 का निर्देशक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शेखर कम्मुला द्वारा किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए शेखर और धनुष पहली बार साथ काम करने के लिए तैयार है। सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव डी51 के निर्माता हैं। धनुष की डी51 का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी सहित तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। डी51 की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। इसके अलावा तमिल सुपरस्टार धनुष की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह बहुत जल्द तमिल फिल्म कैप्टन मिलर में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। अपनी अपकमिंग फिल्म कैप्टन मिलर को लेकर जबर्दस्त सुर्खियों में हैं।

# 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के एआई वर्जन में डेनेरीस टार्गेरियन बनी ऐश्वर्या

सबसे लोकप्रिय शो 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में से एक को बॉलीवुड एआई स्पिन दिया गया है, जहां हिंदी फिल्म अभिनेताओं को जॉन स्नो, डेनेरीस टार्गेरियन, आर्य स्टार्क, संसा स्टार्क जैसे पात्रों की प्रतिष्ठित भूमिकाएं दी गई हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से डेनेरीस टारगेरियन की भूमिका के लिए एमिलिया क्लार्क की जगह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन को लिया गया है। आदित्य रॉय कपूर को निकोलज कोस्टर-वाल्डो के जैमे लैनिस्टर के रूप में देखा जा सकता है। रणवीर सिंह ने किट हैरिंगटन की जगह ली है।

अभिनेत्री आलिया भट्ट आर्या स्टार्क के किरदार में बिल्कुल फिट बैठती हैं, जिसका किरदार मूल रूप से मैसी विलियम्स ने निभाया था। वीडियो के एआई वर्जन में कियारा आडवाणी ने सोफी टर्नर की सांसा स्टार्क की भूमिका निभाई है। इसके बाद तब्बू लीना हेडी की सर्सी लेनिस्टर की भूमिका निभा रही हैं।



'गेम ऑफ थ्रोन्स' जॉर्ज आर. आर. मार्टिन के फैंटेसी नोवेल की एक सीरीज 'ए सॉन्ग ऑफ आइस एंड फायर' का रूपांतरण है, जिसमें से पहला गेम ऑफ थ्रोन्स है। शो की शूटिंग यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, क्रोएशिया, आइसलैंड, माल्टा, मोरक्को और स्पेन में की गई थी। इसका प्रीमियर 2011 में अमेरिका में हुआ और मई 2019 में समाप्त हुआ, जिसमें आठ सीजन में 73 एपिसोड प्रसारित हुए। वेस्टरोस और एस्सोस के फिक्शनल कॉन्टिनेंट्स पर सेट, गेम ऑफ थ्रोन्स पूरे शो के दौरान कई कहानियों को फॉलो करता है। पहला पार्ट आर्क वेस्टरोस के सात राज्यों के लोह किंगडम से संबंधित है, जो कुलीन परिवारों के बीच राजनीतिक संघर्षों का है।

दूसरे पार्ट के अपदस्थ शासक वंश के अंतिम वंशज पर केंद्रित है, जिसे एस्सोस में निर्वासित कर दिया गया है और वह वापस लौटने और सिंहासन को पुनः प्राप्त करने की साजिश रच रहा है। तीसरा नाइट्स वॉच को फॉलो करता है, जो एक सैन्य आदेश है। वेस्टरोस की उत्तरी सीमा से परे खतरों के खिलाफ क्षेत्र की रक्षा करता है।

सीरीज को 59 प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स मिले, जो किसी ड्रामा सीरीज द्वारा सबसे अधिक हैं, जिसमें 2015, 2016, 2018 और 2019 में उत्कृष्ट ड्रामा सीरीज़ शामिल हैं। इसे बेस्ट टेलीविजन सीरीज ड्रामा के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार के लिए पांच नोमिनेशन मिले। प्रीक्वल सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रेगन' का प्रीमियर 2022 में हुआ।

विचार पेज का शेष

# महाराष्ट्र: विधानसभा सत्र में कई एनसीपी विधायक लॉबी में बैठे रहे!

हमने भारत के चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बताया है कि उन्हें भेजे गए पत्र पर संज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हम एकमात्र एकल पार्टी हैं।

## कन्फ्यूज्ड विधायक

एनसीपी के कई विधायक पूरे सत्र के दौरान गायब रहे, हालांकि उन्हें सदन के बाहर एक-दूसरे से बातचीत करते देखा गया।एक विधायक जिन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई लेकिन सत्र में भाग नहीं लिया, उन्होंने यह कहने से इनकार कर दिया कि वह सदन में क्यों नहीं थे। उन्होंने कहा, "मैं वहां सभा के लिए गया था, मैं दूसरों के बारे में नहीं जानता। सुना था कि विधायक चेतन तुपे अस्वस्थ हैं। बाकी के बारे में नहीं पता। मैं वहां था।"

दिप्रिंट ने हडपसूर के विधायक तुपे तक पहुंचने की कोशिश की, जो एक भी बैठक में शामिल नहीं हुए और अभी तक किसी भी खेमे के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा नहीं की है। हालाँकि, कॉल अनुत्तरित रहीं।

सत्र के पहले दिन, 17 जुलाई को, टुपे ने अपने सोशल मीडिया पेजों पर पोस्ट किया कि वह अस्पताल में हैं, किसी बीमारी से उबर रहे हैं, और कुछ दिनों तक गायब रहेंगे। सत्र समाप्त होने के तुरंत बाद उन्होंने अपनी सामाजिक व्यस्तताओं के बारे में पोस्ट करना शुरू कर दिया।

इस बीच सदन के अंदर एनसीपी मंत्रियों के अलावा विधायक नरहरि ज़िरवाल और सरोज अहिरे सरकार के साथ दिखे, जबकि अनिल देशमुख, जयंत पाटिल, जितेंद्र अवहाद, राजेश टोपे और रोहित पवार नियमित रूप से विपक्ष की बेंच पर बैठे।

दूसरे सप्ताह के पहले दिन, सांसद सुनील तटकरे – जो अब अजीत पवार गुट द्वारा नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हैं – और शरद पवार गुट के उनके समकक्ष विधायक जयंत पाटिल को एक-दूसरे को गले लगाते देखा गया।

बाद में, पाटिल ने कहा कि उन्होंने एक चुटकुला साझा करने के बाद तटकरे को गले लगाया था और राजनीतिक आधार पर कोई अन्य निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा,"हमारे बीच एक निजी मजाक के बाद हमने एक-दूसरे को गले लगा लिया। हालांकि हम अलग-अलग पार्टियों (राकांपा गुट) में हैं, लेकिन अन्य पार्टियों के लोगों के साथ सोहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना अच्छा है। "

अजित पवार खेमे के एक नेता ने बताया कि वे 'अभी भी उम्मीद कर रहे हैं कि कई लोग प्रतीक्षा करो और देखो की स्थिति में हैं' और उनके साथ जुड़ेंगे।

शरद पवार गुट के एक नेता ने इस भावना को साझा किया, लेकिन अपने पक्ष के लिए। "इनमें से बहुत से लोग अभी भी दुविधा में हैं कि किसका समर्थन किया जाए। साथ ही, कई लोगों को डर है कि अजित दादा (पवार) के वित्त मंत्री होने के कारण अभी उनकी निष्ठा दिखाने से फंड आवंटन पर असर पड़ सकता है।'

उन्होंने कहा, "अगर अजीत दादा और प्रफुल्ल पटेल कहते हैं कि उनके साथ 40 से अधिक लोग हैं, तो कम से कम 35 या उससे अधिक लोग सदन के अंदर दिखने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं था।"

एनसीपी नेताओं का कहना है कि शरद पवार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है – कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ नहीं जा रहे हैं, लेकिन किसी को भी ऐसा करने से नहीं रोकेंगे।

पार्टी सूत्रों ने दिप्रिंट को बताया कि वित्त मंत्री के रूप में, अजीत पवार ने पिछले महीने विधायकों को अनुपूरक बजट से उनके निर्वाचन क्षेत्रों में काम करने के लिए धन वितरित करते समय दोनों एनसीपी खेमों के बीच कोई अंतर नहीं किया है।

(साभार- दिप्रिंट)

बहुरंग

# दीप्ति नवल की फिल्म गोल्डफिश का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री दीप्ति नवल की फिल्म गोल्डफिश का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 'गोल्डफिश' में अनामिका और साधना, दो महिलाओं को दिखाया गया है। बताया गया है कि वे अपनी जिंदगी में किन चीजों में उलझी हैं और कैसे परेशान हैं। फिल्म में मां और बेटी के नाजुक रिश्ते को भी दिखाया है। इस फिल्म में दीप्ति नवल, कल्कि और रजत कपूर जैसे कलाकर नजर आयेंगे। फिल्म गोल्डफिश के निर्देशक पुशन कृपलानी ने कहा कि गोल्डफिश शुरुआती दौर में डिमेंशिया, आईडेंटिटी और डायसपोरा से जुड़ी फिल्म थी, लेकिन जैसे-जैसे कास्ट जुड़ती गई, फिल्म में और चीजें एड होती गईं। फिल्म में माफ करने की भावना को दिखाया गया है।अपरिहार्य परिस्थितियों में भी मानवता कैसे बनाए रखें, इसके बारे में बताया गया है। गोल्डफिश के निर्माता अमित सक्सेना ने बताया, गोल्डफिश एक कंटेंट आधारित फिल्म है। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खूब सराहा गया, अब हम इसे अपने घर (इंडिया) में ला रहे हैं।

# सिल्वर स्क्रीन पर डॉन का किरदार निभायेंगे रणवीर सिंह



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर डॉन का किरदार निभाते नजर आयेंगे। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म डॉन में अमिताभ बच्चन ने डॉन का किरदार निभाया था। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन का रीमेक बनायी।डॉन की सफलता के बाद डॉन का सीक्वल बनाया गया। फरहान अख्तर अब डॉन का तीसरा संस्करण बनाने जा रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाते नजर आयेंगे। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने फिल्म डॉन 3 का पहला लुक जारी किया। यह 'डॉन' के रूप में रणवीर सिंह का अनाउंसमेंट वीडियो भी है। 'डॉन 3' का पूरा नाम 'डॉन 3: द चेज एंड्स' है। फिल्म के टाइटल अनाउंसमेंट की शुरुआत धमाकेदार डायलॉग से होती है... 'शेर जो सो रहा है, वो जागेगा कब? पूछते हैं ये सब, उनसे कह दो, फिर जाग उठा हूं मैं, फिर सामने जल्द आने को। क्या है ताकत मेरी, क्या है हिम्मत मेरी। फिर दिखाने को। मौत से खेलना जिंदगी है मेरी। जीतना ही मेरा काम है।

न तो पीएम ने चुप्पी तोड़ी और न ही संघ या भाजपा के किसी नेता ने देश में फैलाए जाने वाले सांप्रदायिक उन्माद की निंदा की। मणिपुर, हरियाणा और चलती ट्रेन में चुन-चुनकर यात्रियों की हत्या उसी मौन के नतीजे माने जा सकते हैं।

ट्रेन में हुए हत्याकांड को लेकर 'द वायर' द्वारा जारी एक खबर के अनुसार, सुपरफास्ट एक्सप्रेस के मुंबई पहुँचते ही एक भाजपा विधायक ने मीडिया से कहा कि घटना के कारणों की सघन तरीके से जाँच कर पता लगाया जाना चाहिए कि क्या आरपीएफ कांस्टेबल किसी तरह के अवसाद से पीड़ित या मानसिक रूप से विचलित था? घटना की पुलिस द्वारा जाँच किए जाने के पहले ही विधायक ने कांस्टेबल की मानसिक अस्थिरता को हत्याकांड के संभावित कारण के तौर पर प्रस्तुत कर दिया। खबरों के मुताबिक, कांस्टेबल के परिवार-जन दावा कर रहे हैं कि वह मानसिक बीमारी से पीड़ित है तथा पिछले छह महीनों से उसका उपचार चल रहा है।

सवाल पूछे जा सकते हैं कि अगर कोई व्यक्ति मानसिक तौर पर अस्वस्थ है तो (1) उसे यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण सेवा में क्यों तैनात किया गया? (2) क्या कांस्टेबल के उच्चाधिकारियों को उसकी मानसिक बीमारी की जानकारी नहीं थी? (3) क्या मानसिक तौर पर विचलित/विक्षिप्त/बीमार

विचार पेज का शेष

# इससे पहले कि मुल्क भूले वह दर्दनाक हादसा !

व्यक्ति इस स्थिति में हो सकता है कि जिन यात्रियों को गोलियों का निशाना बनाना है उनका चयन वह चलती हुई ट्रेन की आठ बोगियों और पेंट्री कार में घूमकर कर सके? क्या उसके हाथों मारे गये अल्पसंख्यक समुदाय के यात्री और अंतिम व्यक्ति के शव के पास खड़े होकर दी गई 'हेट स्पीच' किसी संयोग अथवा मानसिक असंतुलन का परिणाम हो सकती है?

दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले सामूहिक हत्याकांडों/नरसंहारों के निष्कर्ष यही बताते हैं कि घटनाओं को अंजाम देने वाले हत्यारे निरपराध लोगों की भीड़ पर बेरहमी से गोलियाँ चलाते हैं। हत्यारे न तो गोलियों का शिकार बनने वालों का उनके कपड़ों और शारीरिक प्रतीकों के आधार पर चुनाव करते हैं और न ही अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता दर्शाने वाली कोई 'हेट स्पीच' देते हैं ! अगर किसी व्यक्ति को उसके द्वारा किए गए जघन्य अपराध में इस शंका का लाभ मिल सकता है कि वह गुस्सैल प्रकृति का है, मानसिक रूप से अस्वस्थ है तो फिर लगातार तनावों और असुरक्षा में जीने वाली हुकूमतों को भी नागरिक उत्पीड़नों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। मणिपुर की घटना को भी उसी तरह के अपराध में शामिल किया जा सकता है !

सवाल सिर्फ तत्कालीन हुकूमतों का ही नहीं है ! नागरिकों की एक बड़ी आबादी भी कुछ तो व्यवस्था-जनित कारणों और कुछ निजी तनावों के चलते गहरे अवसाद और मानसिक बीमारियों की शिकार होती जा रही है। समाज में अपराध और आत्महत्याएँ बढ़ रही हैं। क्या सामान्य नागरिक भी किसी एक मुकाम या अंग्रेजी में जिसे 'ट्रिगर' या 'टिपिंग पॉइंट' कहते हैं, पर पहुँचकर दूसरों की जानें लेना प्रारंभ कर देंगे या फिर उन इंतजामों पर यकीन करना बंद कर देंगे जिन्हें एक व्यवस्था के तहत सत्ताओं द्वारा सुरक्षा के लिए तैनात किया जाता है? यह भी हो सकता है कि नागरिक घरों से बाहर निकालना ही बंद कर दें ! दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि अपनी ही राजनीतिक सुरक्षा में मशगूल सरकार को नागरिकों की बढ़ती असुरक्षा की थोड़ी सी भी जानकारी नहीं है !

# भगवान झूलेलाल मंदिर दाना ओली में चल रही है संगीतमय भागवत कथा





## भागवत कथा में हुआ शिव विवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** दाना ओली स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन जारी है। भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य पं.श्री सतीश कौशिक जी महाराज दूसरे दिन कथा मे उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष भगवत ज्ञान के माध्यम से धर्म का अर्थ समझाया। साथ ही कहा श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है शास्त्री जी ने भक्तों को ईश्वर के श्री चरणों से निष्काम प्रेम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नारद जी को भगवान के चरणों से निष्काम प्रेम था, इसीलिए उन्हें भगवान का सानिध्य प्राप्त हुआ। यही उपदेश नारद जी ने महर्षि वेदव्यास जी को दिया। जब 17 पुराणों का अध्ययन करने के बाद भी व्यास जी को संतोष नहीं हुआ तो नारद जी ने उन्हें भागवत का विस्तार करने के लिए कहा। सुकदेव महाराज जी ने महर्षि वेदव्यास से भागवत का ज्ञान प्राप्त किया। जब राजा परीक्षित को भृगु ऋषि ने 7 दिन के बाद तक्षक नाग के दंस से अकाल मृत्यु होने का श्राप दिया। तो राजा परीक्षित अपनी मुक्ति का उपाय ढूंढने लगे। इस दौरान उन्होंने हजारों संतों से



केवल एक ही प्रश्न किया कि जल्दी मरने वाले व्यक्ति को क्या करना चाहिए। लेकिन उनके इस प्रश्न का सभी ने कोई उत्तर नहीं दिया। तब सुकदेव जी ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत का उपदेश दिया और केवल 7 दिन में ही राजा को जन्म मरण के बंधन से मुक्त कर दिया इस सृष्टि में आठवां दिन तो अलग से बना नहीं है। संसार में जितने भी प्राणी हैं। सभी परिचित हैं सब की मृत्यु एक ना एक दिन तो होनी है और जो मनुष्य एक बार श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर ले और उसे सुनकर जीवन में उतार ले तो उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। उसे भगवान की प्राप्ति हो जाती है। ज्ञान के बिना जीवन में अंधेरा है और आचरण के बिना जीवन की पवित्रता नहीं है कथा व्यास ने कहा कि मानव का जन्म 7 दिनों में होता और मृत्यु भी 7 दिन के अंदर होती है। हमारे जीवन में 7 दिनों का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि सात का अर्थ सत्य है और सत्य केवल परमात्मा है, यह संसार मिथ्या है। इस संसार में रहने वाला मनुष्य जीवन में परमात्मा से नश्वर वस्तु को मांगता है और फिर दुख भोगता है अंत में शास्त्री जी ने भगवान शिव और पार्वती जी का विवाह कराया सुंदर बारात निकाली गई इस अवसर पर बिजय लुधानी गोपीचंद चौधरी राजेश पंजवानी राजेश बलानी विजय छाबड़ा बब्बन नागरानी सहित झूलेलाल मंदिर के समस्त सेवादारी तथा कथा के मुख्य आयोजक एवं परीक्षित राजेश भावना पंजवानी के द्वारा आरती की गई कथा के समापन पर प्रसादी वितरण किया गया।

# देशभक्ति के जज्बे के साथ ग्रामीण अंचल में शुरू हुआ 'मेरी माटी-मेरा देश अभियान

**ग्वालियर।** देशभक्ति के जज्बे और मातृभूमि के प्रति सेवाभाव से ओत-प्रोत होकर बुधवार 9 अगस्त से ग्वालियर जिले के गाँव- गाँव में ÷मेरी माटी- मेरा देश÷ अभियान शुरू हुआ।जिसके तहत वीर सपूतों को नमन कर उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ अमृत सरोवरों के किनारे बनाई गई अमृत वाटिकाओं में शहीदों के सम्मान में ÷शिला फलकम÷ स्थापित किए गए। इस अवसर पर सामूहिक रूप से पौधे पौधे भी रोपे गए हाथों में राष्ट्र ध्वज तिरंगा थामकर ग्रामीणों ने पूरे जोश के साथ इस अभियान में भाग लिया। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अधिकारियों से गूगल मीट के माध्यम से चर्चा कर जिले में मेरी माटी- मेरा देश÷ अभियान के तहत आयोजित हो रही गतिविधियों की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री सिलावट ने चर्चा के दौरान कहा कि मेरी माटी- मेरा देश अभियान से सभी को जोड़कर इसे जन आंदोलन बनाएँ। उन्होंने कहा अभियान में पंचायतराज संस्थाओं व नगरीय निकायों के पदाधिकारियों सहित सभी जनप्रतिनिधि गण, समाज सेवी, स्वयंसेवी संगठन, लाडली बहना एवं लाडली सेना, स्व सहायता समूह , व्यापारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी व



गणमान्य नागरिकों सहित संपूर्ण समाज को शामिल करें। सिलावट ने मेरी माटी- मेरा देश के सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेने और हर घर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा मेरी माटी मेरा देश अभियान के दौरान शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन कर उनके परिजनों को सम्मानित करें। साथ ही वीरों के नाम पर्दर्शित कर शिला फलकम भी लगाए जाएं। उन्होंने अमृतसर ओवरों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने पर भी बल दिया। साथ ही कहा कि सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों से कलश यात्रा भी निकलें। कलश यात्रा यात्राओं के जरिए जिले की पवित्र मिट्टी देश की राजधानी दिल्ली भेजी जाए। मेरी माटी-मेरा देश के पहले दिन मुरार जनपंद पंचायत के ग्राम उदयपुर में भूतपूर्व सैनिकों का पुष्पहार व शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी तरह भितरवार जनपद पंचायत के ग्राम बनवार सहित अन्य ग्रामों में शिलाफलकम स्थापित किए ग्रम अमरोल मे बालिकाओं ने हाथ मे थाम कर रैली निकाली। जिले के अन्य गाँव मे ग्रामीणों ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराकर सामुहिक रूप से राष्ट्र गान का गायन किया। ग्रामीण अंचल में अमृत सरोवरों के किनारे गाँव-गाँव में सामुहिक रूप से विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपे गए। साथ ही कलश यात्राएँ भी निकलीं।

## औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन तत्परः संभाग आयुक्त

**ग्वालियर।** उद्योग सही मायने में विकास के इंजन होते है। किसी भी विकसित शहर, प्रदेश व राष्ट्र के विकास में उद्योगों का ब?ा योगदान होता है। उद्योगों का सहयोग करना हमारा दायित्व है। इसी भाव के साथ उद्योगों को बढावा देने और औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के निदान के लिए प्रशासन हर संभव मदद के लिए तत्पर हैं। यह बात संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों की औद्योगिक गतिविधियों को लेकर हुए संवाद के दौरान कही। संभागीय आयुक्त सिंह ने औद्योगिक गतिविधियों के संचालन में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों कहा कि वे ÷मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना'' के तहत राज्य शासन के मंशा के अनुरूप युवाओं को अपनी औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से क्षमतावान बनाएँ। इससे युवा तो आत्मनिर्भर बनेंगे ही, औद्योगिक इकाइयों को भी फायदा होगा क्योंकि राज्य शासन द्वारा प्रशिक्षण के एवज में संबंधित इकाई के माध्यम से युवाओं को स्टाईपेंड भी दिया जाएगा। बुधवार को यहाँ संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की मौजूदगी में यह संवाद सीआईआई ( कॉन्फ्रीडेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज) के तत्वाधान में आयोजित हुआ। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सीआईआई और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से बैठक की जाएगी। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के सहयोग से अग्नि दुर्घटना एवं अन्य आपदाओं से बचाव के लिए मॉक ड्रिल कराई जाएगी। उन्होंने कहा औद्योगिक क्षेत्रों में अतिक्रमण व बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान समयबद्ध कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से कहा कि ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत 18 हजार 286 युवाओं ने पंजीयन कराया है।



# प्रबुद्ध वर्ग ने मुख्यमंत्री के साथ पौधे रोपे

**भोपाल।** श्यामला हिल्स स्मार्ट सिटी पार्क में सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ पौधारोपण किया गया प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध वर्ग को साथ लेकर प्रतिदिन प्रकृति संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में पीपल, कदम और महुआ के पौधे रोपे गए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिए गए संकल्प के तहत प्रदेश के विभिन्न जिले से विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठजनों को आमंत्रित कर उनके साथ सामाजिक सहभागिता से शिक्षा, साहित्य कला संस्कृति समाज सेवा प्रकृति उत्थान में लगे प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जाता है। मुख्यमंत्री सभी के साथ परिचय प्राप्त कर अलग अलग किस्म के पौधे मिलकर रोपते हैं। इनकी देखभाल का जिम्मा स्मार्ट सिटी कारपोरेशन लिमिटेड रखता है जिसकी निगरानी स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूप से रखी जाती है । सोमवार को पौधा रोपने वालों में मुख्य रूप से राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य वंदे मातरम समूह के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नाट्य निर्देशक चंद्रप्रताप सिंह एवं न्यायपीठ बाल कल्याण मिति भिंड के सदस्य प्रहलाद भदौरिया, सामाजिक कार्यकर्ता एवम् बाल कल्याण समिति ग्वालियर के सदस्य सुमंत कुमार शर्मा, समाजसेवी ऋषिकेश तोमर, समाजसेवी आशीष अग्रवाल, युवा पर्यावरणविद अजय तोमर आदि उपस्थित रहे।

## विनिर्माण के साथ अन्य सेक्टर में भी सीखो-कमाओ योजना के तहत प्रशिक्षण दिलाएँ

**ग्वालियर।** विनिर्माण से जुडी औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ अस्पाताल प्रबंधन, मार्केटिंग व होटल मैनेजमेंट सहित अन्य सेक्टर के माध्यम से भी मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत युवाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिलाएँ। यह निर्देश संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए। उन्होंने कहा योजना से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ आर्थिक सहायता अर्थात स्टाइपेंड मिलेगा। कौशल उन्नयन से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर ब?ेंगे और कमाई का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत 12वीं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को 8 हजार रूपए, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500 रूपए, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रूपए और स्नातक उत्तीर्ण या उच्च शैक्षणिक योग्यता वालों को 10 हजार रूपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत प्रशिक्षण के बाद मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा स्टेट कॉउसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग का प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा।कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य शासन ने निर्माण उद्योग ही नहीं 703 कार्य-क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। इन सभी सेक्टर के माध्यम से जिले में पंजीकृत 18 हजार 286 युवाओं को प्रशिक्षण दिलाएँ। प्रशिक्षण के लिए चिन्हित सेक्टर विनिर्माण क्षेत्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, प्रबंधन, मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म, ट्रेवल, अस्पताल, रेलवे, आई.टी. सेक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकिंग, बीमा, लेखा, चार्टर्ड एकाउंटेंट और अन्य वित्तीय सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठान शामिल हैं। साथ ही मीडिया, कला, कानूनी और विधि सेवाएँ, शिक्षा-प्रशिक्षण तथा सेवा क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठान भी योजना में सम्मिलित हैं।

# महापौर एवं विधायक ने विभिन्न विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

**ग्वालियर।** विकास कार्य निरंतर चलते रहने वाली प्रक्रिया है और क्षेत्र में विकास कार्यो को गति दी जा रही है, विकास कार्यों से ही क्षेत्र का सौदर्यीकरण संभव है। यह बात आज महापौर डॉ. (श्रीमती) शोभा सिकरवार ने भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान क्षेत्र की जनता से व्यक्त की। आज ग्वालियर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 20 सैनिक कॉलोनी में प्रताप तोमर वाली गली में सी.सी. स?क निर्माण के लिये एवं वार्ड क्रमांक 57 रानीपुरा नाकाचन्द्रवदनी में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार के लिये भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर नगर निगम की महापौर डॉ. (श्रीमती) शोभा सिकरवार एवं विषिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव एवं पार्षद श्रीमती मंजूलता जितेन्द्र कुशवाह मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने की। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, पूर्व पार्षद श्रीमती निधि अवधेश कौरव, पार्षद सुरेन्द्र साहू मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनता द्वारा महापौर, विधायक एवं अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर डॉ. (श्रीमती) शोभा सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि हमारा लक्ष्य ग्वालियर को विकास के शिखर तक पहुँचाना है। शहर की जनता को मूलभूत सुविधायें जैसे सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाईट, स्वच्छ पेयजल मिले यही हमारा प्रयास रहा है और इस प्रयास में हम सफल भी रहे है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद जनता को काफी सुविधायें उपलब्ध होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि क्षेत्र की जनता की सोच के अनुरूप विकास कार्य होते रहेगें, क्षेत्र का विकास व प्रगति ही हमारा लक्ष्य है। इसी मूलमंत्र के साथ हम जनता की सेवा में सदैव तैयार रहते है। उन्होंने कहा कि मैं और मेरा परिवार अपने सम्पूर्ण जीवन से 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' के नियम का पालन करते हुये जनसेवा से जुडे रहे है। भूमिपूजन कार्यक्रम में गौरव भदोरिया, राजेश तोमर, जीतू कुशवाह, धर्मराज तोमर, सोबरन नरवरिया, श्रीमती संजना राजावत, रेणु चौहान, मंजू यादव, भूपेन्द्र तोमर, राजा यादव, नरेश शर्मा, गिर्राज चंदौरिया, करन शाक्य, आशीष साहू, धर्मवीर जाटव, छोटू मण्डेलिया विनोद पवैया, हरिचरण पहलवान, सरनाम सिंह यादव, मुन्ना खान, रशीद खान, मोहन मौर्य, रूकमणी शिवहरे, शकुन्तला देवी, शकीला बानो, लता देवी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की प्रदेश में जारी तैयारियों की समीक्षा







**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत माता की आराधना हैः मुख्यमंत्री, आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के रूप में मनाये जा रहे अभियान में सभी प्रदेशवासी शामिल हों, विद्यालयों में होगी शिलाफलकम (स्मारक) की स्थापना, पंच प्राण की शपथ, पौध-रोपण, वीरों के वंदन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ होगा कार्यक्रम, लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त 10 अगस्त को रीवा से खाते में डाली जायेगी रीवा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मेरी माटी-मेरा देश एक महत्वपूर्ण अभियान है। इस अद्भुत गतिविधि से पूरे प्रदेश में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। यह एक तरह से भारत माता की आराधना और पूजा है। अभियान से सभी प्रदेशवासियों को जोड़ा जाए। सभी जन-प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के सदस्य, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, व्यापारी संगठन, धार्मिक संगठन, विद्यार्थी, खिलाड़ी, कर्मचारी, भजन मंडलियां, स्थानीय कलाकारों को अभियान से जोड़ा जाए। अभियान की थीम पर सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रतियोगिताएँ भी आयोजित हों। मेरी माटी-मेरा देश केवल शासकीय कार्यक्रम न बनकर रह जाए, देशभक्ति के इस कार्यक्रम से सभी व्यक्ति मन से जुड़ें। हर घर पर तिरंगा फहराया जाए और अमृत उद्यानों में पौध-रोपण भी हो। मैं स्वयं भी 14 अगस्त को लाड़ली बहनों के साथ 75 पौधे लगाऊंगा। नई पीड़ी को देशभक्ति के संस्कार देना आवश्यक है, अत- मेरी माटी मेरा देश अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान मेरी माटी-मेरा देश अभियान पर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को संबोधित कर रहे थे। समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार, प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी संभाग के कमिश्नर एवं जिलों के कलेक्टर बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

**स्मारक स्थल पर ली जाएगी पंच प्रण की शपथ**-बैठक में मेरी माटी मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में जानकारी दी गई कि आजादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह के रूप में 9 से 15 अगस्त तक गतिविधियां संचालित होंगी। शिलाफलकम (स्मारक) की स्थापना, पंच प्रण की शपथ, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, राष्ट्रध्वज फहराना तथा राष्ट्रगान का गायन अभियान के प्रमुख घटक हैं। प्रत्येक पंचायत तथा नगरीय निकाय में विद्यमान स्थानीय विद्यालय परिसर में शिलाफलकम (स्मारक) की स्थापना की जाएगी। स्मारक स्थल पर हाथ में दीपक लेकर पंच प्रण की शपथ उपरांत व्यक्तियों द्वारा सेल्फी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पंच प्रण के अंतर्गत भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व, एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ ली जाएगी। वसुधा वंदन के अंतर्गत अमृत सरोवरों अथवा विद्यालयों तथा उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों के आसपास 75 पौधे लगाए जाएंगे। वीरों का वंदन के अंतर्गत कर्तव्य पर रहते हुए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्थानीय वीरों, वीरांगानाओं का स्मरण और सम्मान होगा। इसके अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानियों, सेवानिवृत्त रक्षा, अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्र गान के उपरांत समारोह का समापन होगा। बैठक में बताया गया कि सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में अभियान के आयोजन के लिए तैयारियां जारी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 10 अगस्त को वह रीवा से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त प्रदेश की पात्र बहनों के खातों में भेजेंगे। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कमिश्नर श्री अनिल सुचारी से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि इस योजना से संभाग की 1165403 लाड़ली बहनों के खाते में एक हजार रूपये की राशि भी आयेगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर श्री अनिल सुचारी तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली दवे, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478